

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 270

ग्वालियर, रविवार 19 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## शक्तिपीठ पावागढ़ में कालिका माता के नवनिर्मित मंदिर के स्वर्ण शिखर पर मोदी ने किया ध्वजारोहण

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज सदियों के बाद मां कालिका के मंदिर पर ध्वजारोहण का यह अवसर हम सभी को नई प्रेरणा और ऊर्जा देने के साथ ही आध्यात्म की हमारी महान परंपरा को समर्पित भाव से जीने के लिए प्रेरित भी करता है। उन्होंने कहा कि बरसों पहले स्वामी विवेकानंद भी महाकाली का आशीर्वाद प्राप्त कर जन सेवा से प्रभु सेवा में लीन हो गए थे। उसी तरह, महाकाली ने मुझे ऊर्जा, त्याग और समर्पण के साथ देश के जन-जन का सेवक बनकर सेवा करने का आशीर्वाद दिया है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को गुजरात के शक्तिपीठ पावागढ़ में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में कालिका माता के नवनिर्मित मंदिर के स्वर्ण शिखर पर ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर माता के दरबार से संतों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि, ÷आज कई वर्षों के बाद मुझे पावागढ़ महाकाली के चरणों में आकर कुछ पल बिताने का, आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। मेरा जीवन धन्य हो गया है। सपना जब संकल्प बनता है और वह सिद्ध होता है, तो आनंद प्राप्त होता है। आज का पल मेरे अंतर्मन को विशेष आनंद से भर रहा है।÷ मोदी ने कहा कि पांच शताब्दी के बाद महाकाली के शिखर पर ध्वजा चढ़ी है। यह क्षण हमें प्रेरणा और ऊर्जा देता है, साथ ही महान परंपरा और संस्कृति के प्रति समर्पित भाव से जीने को प्रेरित करता है। आज से कुछ दिनों के बाद इसी महीने में



गुप्त नवरात्रि है। गुप्त नवरात्रि से पहले पावागढ़ में महाकाली का मंदिर भव्य और दिव्य स्वरूप में हम सभी के सामने है। शक्ति और साधना की यही विशेषता है। गुप्त नवरात्रि है, लेकिन शक्ति सुप्त और लुप्त नहीं होती। जब श्रद्धा, साधना और तपस्या फलित होती है, तो शक्ति अपने पूर्ण वैभव के साथ प्रकट होती है। पावागढ़ में मां काली के आशीर्वाद से इसी शक्ति को प्रकट होते हुए देख रहे हैं। सदियों बाद महाकाली का यह मंदिर विशाल स्वरूप में हमारे सामने हमारे मस्तक को ऊंचा करता है। उन्होंने कहा कि आज सदियों बाद पावागढ़ मंदिर में एक बार फिर शिखर पर ध्वज फहरा रहा है। यह शिखर ध्वज केवल आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह इस बात का भी प्रतीक है कि सदियां बदलती हैं, युग बदलते हैं, लेकिन आस्था का शिखर शाश्वत रहता है। अयोध्या हो या काशी या फिर केदारनाथ, आज आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर फिर से जीवंत हो रही है। आज नया भारत अपनी प्राचीन पहचान को भी उमंग के साथ जी रहा है। प्रत्येक भारतीय उस पर गर्व कर रहा है। यह आध्यात्मिक स्थल नई संभावनाओं के स्रोत बन रहे हैं। पावागढ़ के मंदिर का पुनर्निर्माण इस गौरव गौरव यात्रा का हिस्सा है। उन्होंने इस अवसर को 'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास' का प्रतीक बताया और कहा कि, ÷मुझे महाकाली मंदिर में ध्वजारोहण और पूजा का अवसर मिला है। माता मुझे आशीर्वाद दे कि मैं और अधिक ऊर्जा, त्याग और समर्पण के साथ देश के जन-जन का सेवक बनकर उनकी सेवा करता रहूं।

## व्यापक विचार-विमर्श के बाद लागू की गई योजना: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** अग्निपथ योजना को लेकर तेज होते विरोध-प्रदर्शनों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसे पूर्व सैनिकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद लागू किया गया है। सिंह ने कहा कि योजना के संबंध में राजनीतिक कारणों से भ्रम फैलाया जा रहा है। एक सम्मेलन में रक्षा



मंत्री ने कहा कि यह योजना सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत भर्ती कर्मियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। कुछ लोग इसके बारे में गलतफहमी फैला रहे हैं। हो सकता है कि लोगों में कुछ भ्रम हो, क्योंकि यह एक नई योजना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस योजना को पूर्व सैनिकों के साथ लगभग दो साल तक विचार-विमर्श करने के बाद लागू किया गया है। इस संबंध में आम सहमति के आधार पर निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि लोगों में देश के लिए अनुशासन और गर्व की भावना हो।

## मान ने भाजपा प्रत्याशी की संपत्ति पर उठाए सवाल, कहा स्पेन में हैं 2-2 घर

**चंडीगढ़।** पंजाब के संगरूर लोकसभा उपचुनाव के लिए 23 जून को मतदान होना है। इस सीट के लिए चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। इसके साथ ही आरोप-प्रत्यारोप भी जमकर हो रहा है। इसी क्रम में सीएम भगवंत मान ने दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार केवल सिंह ढिल्लों ने स्पेन में दो घर खरीदे हैं। उन्होंने कहा कि स्पेन में जिस जगह पर अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेटर्स रहते हैं, वहां पर केवल सिंह ढिल्लों का घर है। सीएम मान के इस बयान को भाजपा उम्मीदवार ढिल्लों ने



मानहानिकारक बताया है और अदालत में जाने की धमकी दी है। ढिल्लों ने कहा है कि सीएम ने स्पेन के खिलाफ भी अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है, जो दो देशों के संबंधों को खराब कर सकता है। केवल सिंह ढिल्लों कुछ दिन पूर्व ही कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्हें तुरंत चुनावी टिकट से नवाजा गया है। भदौड़ में लोगों को संबोधित करते हुए सीएम मान ने कहा था कि तस्कर और अंतरराष्ट्रीय ड्रग रैकेटर्स स्पेन में रहते थे और ढिल्लों के भी अब वहां घर हैं। उन्होंने कहा कि ढिल्लों को गरीबों की चिंता नहीं है, क्योंकि उन्होंने केवल हवाई अड्डों की बात की है। मान ने कहा कि ढिल्लों ने जिस पार्टी का झंडा बदल दिया है, लेकिन उनकी जैकेट अभी भी कांग्रेस के रंग की है।

# 'अग्निपथ योजना' पर दिल्ली से तेलंगाना तक बवाल, बिहार में तोड़फोड़-आगजनी, कई ट्रेनें रद्द की



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की सैन्य बलों में भर्ती की योजना 'अग्निपथ' को लेकर देश में बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को भी बिहार, यूपी समेत कई राज्यों में हिंसक विरोध-प्रदर्शन किए गए। बिहार के कई जिलों में प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियों में आगजनी की है। यही नहीं, उन्होंने सुरक्षा बलों पर भी पथराव किया। यूपी के जौनपुर में अग्निपथ योजना के विरोध में हिंसक प्रदर्शन के दौरान कई स्थानों पर हिंसक झड़पें हुईं। इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज दिल्ली में सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। बैठक में वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और थल सेना के उप प्रमुख जनरल बी एस राजू ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार बैठक का मुख्य फोकस अग्निपथ योजना को जल्द से जल्द लागू करने और आंदोलनकारियों को शांत करने के तरीकों को सुनिश्चित करना था।

**सीएपीएफ-असम राइफल्स की भर्तियों में अग्निवीरों को मिलेगा दस फीसदी आरक्षण :** उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ और असम राइफल्स में होने वाली भर्तियों में अग्निपथ योजना के अंतर्गत 4 साल पूरा करने वाले अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी रिक्तियों को आरक्षित करने का निर्णय लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अग्निवीरों के लिए बड़ा ऐलान किया है। रक्षा मंत्रालय में नौकरी की रिक्तियों के 10 फीसदी पदों को आरक्षित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

**सोनिया गांधी ने युवाओं से की अपील:** अग्निपथ योजना को लेकर देश भर में हो रही हिंसा के बीच कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने युवाओं के नाम पत्र लिखा है। उन्होंने अपील करते हुए कहा मुझे दुख है कि सरकार ने आपकी आवाज को नजरअंदाज किया और एक नई योजना की घोषणा की जो पूरी तरह से दिशाहीन है, मैं आप सभी से अहिंसक तरीके से शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने की अपील करती हूं और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आपके साथ है। अग्निपथ योजना पर कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा यह योजना युवकों के लिए सही नहीं है। साथ ही यह देश के हित में भी नहीं है। अगर आप एक युवक को 4 साल की ट्रेनिंग देने के बाद उसे घर भेज देते हैं, तो वह युवक क्या करेगा।

### बिहार में ऐसी भड़की अग्निपथ की आग कि 200 करोड़ की संपत्ति जलकर हुईं खाक

**पटना।** अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना के खिलाफ बिहार में हिंसक विरोध-प्रदर्शन के चलते 200 करोड़ रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। रेलवे के सीनियर अधिकारी ने बताया कि शनिवार को 50 कोच और पांच इंजन पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। दानापुर रेल डिवीजन के डिवीजनल मैनेजर प्रभात कुमार ने कहा कि प्लेटफॉर्म, कंप्यूटर सिस्टम और अन्य तकनीकी उपकरण भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। दरअसल, सैकड़ों लोगों ने इस योजना को वापस लेने की मांग के लिए ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों को जला दिया और तोड़फोड़ की। शुक्रवार को भभुआ रोड, सिधवालिया (गोपालगंज में) और छपरा रेलवे स्टेशनों पर यात्री ट्रेनों के लगभग एक दर्जन डिब्बों में आग लगा दी गई। बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस के तीन डिब्बे जल गए। सीवान जिले में प्रदर्शनकारियों ने एक रेल इंजन में आग लगाने की कोशिश की। विक्रमशिला एक्सप्रेस के तीन वातानुकूलित डिब्बों में तोड़फोड़ की गई।

### सिकंदराबाद हिंसा- राकेश के पिता का छलका दर्द, बोले- जिस बेटे को बनना था सैनिक वह पुलिस की गोली से मारा गया



**वारंगल।** सेना की वर्दी की लालसा लिए राकेश इस दुनिया को अलविदा कह गया। दरअसल रमेश अग्निपथ योजना के बवाल में पुलिस की गोली से मारा गया। बहन के नक्शेकदम पर सेना में भर्ती होने का जुनून लि?ए तेलंगाना का डी राकेश तैयारियों में जुटा था। उसने फिटनेस परीक्षा भी पास कर ली थी लेकिन कोरोना के कारण लखिति परीक्षा नहीं हो पाई और अब अग्निपथ योजना का ऐलान हो गया। योजना के वरिोध में शुक्रवार सुबह सिकंदराबाद स्टेशन पर हसिंक प्रदर्शन कयिा गया। भीड़ पर रेलवे पुलिस की ओर से फायरिंग में गोली लगने से राकेश की मौत हो गई। राकेश के घरवालों ने कहा कि जसि बेटे को सीमा पर दुश्मनों से लोहा लेना था वह हमारी अपनी पुलसि की गोली से मार दयिा गया। दरअसल शुक्रवार को अग्निपथ योजना को लेकर तेलंगाना के सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान पुलिस की फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई थी जबकि कई जख्मी भी हुए थे। बाद में पुलसि ने युवक की पहचान दामोदर राकेश के रूप में की। राकेश की मौत की खबर से सुनकर उनके कुमारस्वामी और फुलम्मा को झटका लगा। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनका बेटा सैकड़ों अन्य लोगों के साथ केंद्र की अग्निपथ योजना के विरोध में सिकंदराबाद गया था। तेलंगाना में वारंगल के खानापुर मंडल के दबीरपेट गांव के ग्रेजुएशन अंतिम साल के छात्र राकेश ने अपनी शारीरिक फिटनेस परीक्षा पास कर ली थी और वह सेना में जाने के लएि उत्साहति था और जल्द ही सेना में शामिल होने की उम्मीद कर रहा था।

## खास खबर

### एयर होस्टेस ने पायलट गर्लफ्रेंड से 30000 फीट की ऊंचाई पर किया प्यार का इजहार

**लॉस एंजिल्स।** हवा में उड़ते हवाई जहाज में प्रेम का इजहार करते जोड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला फ्लाइट अटेंडेंट अपनी पायलट गर्लफ्रेंड को घुटने के बल बैठकर प्रपोज कर रही है। यूजर्स इसे लव एज इन द एयर कह रहे हैं। फ्लाइट अटेंडेंट का नाम वेरोनिका रोजस है और उन्होंने अपनी पायलट गर्लफ्रेंड एलेजांद्रा मोनकायो को 30 हजार फीट की ऊंचाई पर प्रपोज किया है। दोनों अल्क्सा एयरलाइन की एक फ्लाइट में सवार थे। ये फ्लाइट सैन फ्रांसिस्को से लॉस एंजिल्स जा रही थी। वेरोनिका और एलेजांद्रा की मुलाकात दो साल पहले फ्लाइट में ही हुई थी। कुछ ही मुलाकात के बाद दोनों लड़कियों को आपस में प्यार हो गया और अब उन्होंने दिलचस्प अंदाज में एक दूसरे को प्रपोज किया है। वेरोनिका और एलेजांद्रा ने एक दूसरे को रिंग पहनाई और साथ रहने का वादा किया। खुद अल्क्सा एयरलाइन ने जोड़े के इस प्रपोजल वीडियो को शेयर किया है। वीडियो में वेरोनिका और एलेजांद्रा को फ्लाइट में अनाउंसमेंट के जरिए एक दूसरे को प्रपोज करते हुए देखा जा सकता है। वेरोनिका ने दूसरे क्रू मेंबर्स के सामने घुटने के बल बैठकर एलेजांद्रा को प्रपोज किया। इस दौरान लोग ताली बजाते हुए और कपल की हौसला अफजाई करते हुए देखे जा सकते हैं। एलेजांद्रा और वेरोनिका दोनों एलजीबीटूक्यू कम्युनिटी से आते हैं। इसीलिए उन्होंने प्रपोजल के लिए प्राइड मंथ को चुना। प्राइड मंथ समलैंगिक, ट्रांसजेंडर और क्वीर लोगों का महीने भर तक चलने वाला एक फेस्टिवल है।

### बिलावल भुट्टो जरदारी बोले- भारत के प्रति नहीं बदलेगी पाकिस्तान की विदेश नीति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत के साथ साफ्ट रिश्तों को लेकर हिमयती दिखे उन्होंने कहा कि भारत के प्रति उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। नई दिल्ली के साथ संबंध पुनस्थापित करने की विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के जोरदार हिमायत करने पर स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश करते हुए यह कहा गया। पाकिस्तान ने जोर देते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी को गलत रूप में पेश किया गया। बिलावल ने कहा था कि भारत के साथ संबंध तोड़ना पाकिस्तान के हित में नहीं होगा क्योंकि इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ चुका है। बिलावल की टिप्पणी पर मीडिया में आई खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, 'भारत के प्रति पाकिस्तान की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है और इस पर राष्ट्रीय आमराय है। पाकिस्तान ने सदा ही भारत सहित अपने सभी पड़ोसियों के साथ सहयोगी संबंधों की इच्छा जताई है। हमने जम्मू कश्मीर विवाद सहित सभी लंबित मुद्दों के हल के लिए सार्थक और नतीजे देने वाली वार्ता की हिमायत की है।' बयान में कहा गया है कि बिलावल की टिप्पणी की संदर्भ से हट कर व्याख्या की गई और उसे गलत रूप में पेश किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सार्थक और नतीजे देने वाली वार्ता के लिए उपयोगी माहौल बनाने के वास्ते आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी भारत की है।

### शेख हसीना ने राष्ट्रपति पीएम मोदी को गिफ्ट में भेजे एक मीट्रिक टन आम

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 'आम-हिलसा कूटनीति' को जारी रखते हुए, शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मीट्रिक टन 'आम्रपाली' आम भेजे। बांग्लादेश उच्चायोग की ओर से यहां जारी एक बयान के मुताबिक, हसीना ने राजनयिक माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को यह अनोखा उपहार भेजा है। प्रधानमंत्री हसीना ने पिछले साल भी कोविंद, मोदी और पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम के मुख्यमंत्रियों को उपहार के तौर पर आम भेजे थे।

## दिल्ली-एनसीआर में झमाझम लोगों को मिली राहत, असम में बाढ़ से 54 की मौत



### चेरापूंजी में 1995 के बाद वर्षा का कीर्तिमान बना

**नई दिल्ली।** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में झमाझम बारिश ने मौसम को अति सुहावना बना दिया है। इससे लोगों को प्रचंड गर्मी और हीटवेव से राहत मिली है। मौसम विभाग (आईएमडी) की मानें तो अगले कुछ दिनों तक बारिश का दौर चलता रहेगा। दरअसल, बीते दिनों एक पश्चिमी विक्षोभ तेजी से सक्रिय हुआ, जिसकी वजह से मौसम ने करवट ली और बारिश का दौर शुरू हो गया। दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह से ही बारिश हो रही है। हालांकि, असम में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ से हालात बेहद खराब हो गए हैं, जिसमें 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है।

राजस्थान में जारी बारिश का दौर 22 जून तक बने रहने की संभावना जताई जा रही है। इस समय राजधानी जयपुर का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस है। राजस्थान के ज्यादातर शहरों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग की मानें तो राजस्थान में 22 जून तक बारिश होने की संभावना है। पारा 30 डिग्री के आसपास ही बना रहेगा और बादल छाए रहेंगे। इन दिनों मानसून की बारिश पूर्वोत्तर के राज्यों में परेशानी का सबब बनकर आई है। मेघालय के चेरापूंजी में शुक्रवार को 972 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो जून में वर्ष 1995 के बाद से सबसे अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक, 122 सालों में तीसरा सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिन मेघालय में मौसम ऐसा ही बना रहने की संभावना है। मेघालय में बारिश जहां लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी, वहां हरियाणा में प्री-मानसून की वर्षा आने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। धान की रोपाई में वर्षा से जल की पूर्ति के लिए सहायक होगी। हरियाणा के ज्यादातर शहरों में दो से तीन दिनों तक मौसम का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिलने की उम्मीद है। हरियाणा में गरज चमक के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना के साथ वर्षा भी होगी। पंजाब के अधिकतर जिलों में गुरुवार रात से ही बारिश शुरू हो गई थी। इससे दिन का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।

## काबुल में सिख गुरुद्वारा कार्ते परवान पर फिर भीषण हमला, कई लोगों की मौत, विस्फोट से दहशत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में गुरुद्वारा कार्ते परवान पर भीषण हमला किया गया है। शुरुआती खबरों में कहा जा रहा है कि हमले में कई लोग मारे गए हैं। सिख गुरुद्वारे के आसपास के इलाके में गोलियों की तड़तड़ाहट सुनी जा रही है। कई धमाकों की आवाजें भी सुनी गई हैं। विस्फोट की वजह से आसमान में धुंआ देखा जा रहा है। अभी तक तालिबान की ओर से कोई बयान नहीं आया है।

बताया जा रहा है कि दो हमलावर अभी गुरुद्वारे के अंदर मौजूद हैं। गुरुद्वारे के अंदर भी दो धमाके हुए हैं। अफगान तालिबान के हवाले से मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि गुरुद्वारे के गेट के बाहर सबसे पहले विस्फोट हुआ जिसमें कम से कम दो अफगान लोग मारे गए हैं। इसके बाद गुरुद्वारे के अंदर दो विस्फोट



हुए। इस हमले की चपेट में गुरुद्वारे से सटी सिखों की कुछ दुकानें भी आ गईं और उनमें आग लग गई। दो हमलावर अभी गुरुद्वारे के अंदर मौजूद हैं और तालिबानी सुरक्षाकर्मी उन्हें जिंदा पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

हमले के दौरान काफी देर तक गोलीबारी हुई है और विस्फोट भी हुए हैं। तालिबानी सुरक्षा बलों ने हमले पर कोई टिप्पणी नहीं है। इस गुरुद्वारे के आसपास बड़ी संख्या में सिख लोग रहते हैं। इससे पहले भी इस गुरुद्वारे पर कई बार हमले हो चुके हैं। तालिबान ने पिछले दिनों दावा किया था कि उसने गुरुद्वारा कार्ते परवान पर हमला करने वालों को गिरफ्तार कर लिया गया है। तालिबान ने कहा था कि इन हमलावरों को न्याय के कटघरे में पेश किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर के पहले हफ्ते में ही काबुल के इस गुरुद्वारा में कुछ हथियारबंद लड़ाके जबरन दाखिल हो गए थे। उन्होंने सुरक्षा में तैनात गार्ड्स को हिरासत में लिया और सीसीटीवी कैमरों को तोड़ डाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक 15-16 हथियारबंद अज्ञात लोग गुरुद्वारा के अंदर दोपहर के वक्त पहुंच गए थे। इन लोगों ने तीन गार्ड्स के हाथ-पैर बांध दिए। उन्होंने बाहर जाते हुए सीसीटीवी भी तोड़ दिए थे।

## शहडोल में बारातियों से भरी पिकअप पलटी, पांच लोगों की मौत, 30 से ज्यादा घायल

**शहडोल।** शहडोल में शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि लगभग 42 बारातियों से भरी पिकअप अचानक पलट गई और उसमें बैठे 5 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में करीब 30 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 10 की हालत गंभीर है। बताया जाता है कि बाराती पिकअप से जयसिंहनगर के डोहका गांव से देवलोंद जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसा ब्यौहारी थाना क्षेत्र के टिहकी गांव के पास घटी। इस हादसे में 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक शख्स की मौत इलाज के दौरान हुई। सभी घायलों का इलाज ब्यौहारी अस्पताल में किया जा रहा है।



हादसे के बाद मौके पर एकत्र हुए स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देने के बाद घायलों की मदद की। घायलों के लिए पानी की व्यवस्था की और फिर किसी तरह सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोग जब गाड़ी में फंसे लोगों को निकाल रहे थे तब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी थी। लोगों ने बताया कि रात होने की वजह से यह समझ में नहीं आया कि आखिर हादसा हुआ कैसे।

घटना की सूचना मिलते ही एडीजीपी डीसी सागर, कलेक्टर वंदना वैद्य सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस हादसे पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया शहडोल में बारातियों से भरा वाहन पलटने से कई अनमोल जिंदगियों के निधन का समाचार प्राप्त हुआ है। दिवंगतों को ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना है। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### हार्दिक पंड्या की एक सलाह की मदद से दिनेश कार्तिक ने 16 साल बाद जड़ा पहला अर्द्धशतक

**नई दिल्ली** । भारतीय टीम ने राजकोट में खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को आसानी से मात दी। जीत के साथ ही टीम इंडिया ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली है। कप्तान ऋषभ पंत ने मैच के बाद कहा कि हमने रणनीति के कार्यान्वयन के बारे में बात की और नतीजा सामने है। मैन ऑफ द मैच दिनेश कार्तिक (55 रन) के टी20 इंटरनेशनल में 16 साल बाद लगाए गए पहले अर्धशतक के बाद आवेश खान (18 रन देकर चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने 82 रन से जीत दर्ज की। सीरीज का फैसला अब 19 जून को बेंगलुरु में होने वाले पांचवें टी20 मुकाबले से होगा। युवा कप्तान ऋषभ पंत ने मैच के बाद कहा हमने कार्यान्वयन के बारे में बात की थी और नतीजा आपके सामने है। कार्तिक और हार्दिक पंड्या के बीच साझेदारी के बारे में बात करते हुए पंत ने कहा सचमुच खुश हूं । मैन ऑफ द मैच दिनेश कार्तिक ने कहा काफी अच्छा लग रहा है। पिछले मैच में चीजें अच्छी नहीं रही थी, लेकिन अब मैं बेहतर तरीके से परिस्थितियों का आकलन कर पा रहा हूं। यह योजना और अनुभव से आता है। कार्तिक ने कहा उनके गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की जिससे हमारे सलामी बल्लेबाज नहीं चले।

### टी20 में ऋषभ की जगह पक्की नहीं मानते वसीम जाफर

**नई दिल्ली** । पूर्व भारतीय क्रिकेटर वसीफ जाफर ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अगर लय में नहीं लौटे तो टी20 में उनकी जगह खतरे में पड़ सकती है। ऋषभ एक आक्रामक बल्लेबाज हैं जो कभी भी मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं पर पिछले कुछ समय से उनका बल्ला खामोश है। जाफर के अनुसार जब लोकश राहुल फिट होकर वापसी करेंगे तो ऋषभ को जगह के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है क्योंकि राहुल विकेटकीपर भी हैं। वहीं अनुभवी दिनेश कार्तिक भी एक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। इसके अलावा युवा ईशान किशन भी विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। जाफर ने साथ ही कहा, ऋषभ को अगर अपनी जगह बनाये रखनी है तो उन्हें लगातार रन बनाने होंगे और अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। टी20 में उनका प्रदर्शन बीते कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि पंत ने जिस तरह से टेस्ट और एकदिवसीय में अच्छी पारियां खेली हैं। वैसी पारियां वह टी20 में नहीं खेल पाये हैं।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम इटली और नॉर्वे जाएगी

**नई दिल्ली** । भारतीय अंडर-17 महिला टीम आगामी फीफा अंडर-17 विश्व कप से पहले तैयारियों के लिए इटली और नॉर्वे का दौरा करेगी। अंडर-17 महिला विश्व कप अक्टूबर-नवंबर में भारत में ही खेला जाएगा। भारतीय महिला टीम इटली और नॉर्वे दौरे में दो टूर्नामेंट खेलेगी। वह 22 से 26 जून तक इटली में छठे टोरनेओ महिला फुटबॉल टूर्नामेंट और एक से सात जुलाई तक नॉर्वे में ओपन नॉर्डिक अंडर-16 टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारतीय टीम पहली बार नॉर्डिक टूर्नामेंट में भी भाग लेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार भारतीय टीम का सामना 22 जून को इटली से होगा। भारत के अलावा चिली, इटली और मैक्सिको भी इस प्रतियोगिता में उतरेंगी।

# दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध निर्णायक टी 20 मैच में दाएं हाथ से सिक्का उछालेंगे ऋषभ पंत

नई दिल्ली । टीम इंडिया ऋषभ पंत की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की है। भारत ने विशाखापट्टनम और राजकोट टी20 में मेहमान प्रोटियाज टीम को हराकर सीरीज में 2-2 की बराबरी कर ली है। सीरीज का पांचवां और निर्णायक टी20 मैच रविवार (19 जून) को बेंगलुरु में खेला जाएगा। दोनों टीमें सीरीज जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाती हुई नजर आएंगे। चौथे टी20 में जीत के बाद टीम इंडिया के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस के समय दाएं हाथ से सिक्का उछालने के संकेत दिए हैं।



दरअसल, ऐसा पंत ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि सीरीज में अभी तक चारों मैचों में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बावुमा टॉस के बॉस रहे हैं। यानी पंत चारों बार टॉस हारे हैं। भारत ने राजकोट में भी टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी किया। टीम इंडिया की ओर से रखे गए 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम 16.5 ओवर में 87 रन पर ढेर हो गई। टीम इंडिया ने इस मुकाबले को 82 रन से अपने नाम किया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रनों के लिहाज से टी20 में यह सबसे बड़ी जीत है। मैच के बाद ऋषभ पंत ने कहा, 'हम योजना को सही तरीके से लागू करने और अच्छा क्रिकेट खेलने पर बात कर रहे थे। देखिए, परिणाम आपके सामने हैं। जो भी टीम अच्छा क्रिकेट खेलती है वह मैच जीतती है। शायद मैं अगले मैच में दाएं हाथ से सिक्का उछालकर टॉस जीत जाऊंगा। इसके लिए मैं सकारात्मक रहूंगा।' वास्वत में हार्दिक पंड्या ने शानदार प्रदर्शन किया, उनके प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं।' भारत की ओर से दिनेश कार्तिक ने 27 गेंदों पर 55 रन की पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 31 गेंदों पर 46 रन बनाए। ओपनर इशान किशन 27 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से पेसर लुगी एंगिडी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट चटकाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की ओर से सिर्फ 3 बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा छू सके। भारत की ओर से आवेश खान से सबसे ज्यादा 4 विकेट झटक लिए थे।



*फिलीपींस के क्वेज़ोन सिटी में चीन और कनाडा के बीच महिला वॉलीबॉल मैच के दौरान चीन की वांग युआनयुआन की बॉल को रोकते कनाडा के खिलाड़ी।*

## अपने प्रदर्शन से खुश आवेश खान ने पिता को समर्पित किए अपने 4 विकेट

**राजकोट** । टीम इंडिया के तेज गेंदबाज आवेश खान ने चौथे टी20 मैच में टीम की जीत में अहम योगदान दिया। उन्होंने 18 रन देकर 4 विकेट झटक लिए थे। यह उनका टी20 इंटरनेशनल करियर का सबसे शानदार प्रदर्शन है। इससे पहले वे 5 मैच में सिर्फ 2 ही विकेट ले सके थे। 23 रन देकर 2 विकेट उनका बेस्ट प्रदर्शन था। सीरीज के पहले 3 मैच में वे एक भी विकेट नहीं ले सके थे। ऐसे में यह प्रदर्शन उनके लिए खास रहा। मैच में टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 169 रन बनाए थे। प्लेयर ऑफ द मैच दिनेश कार्तिक ने 27 गेंद पर 55 रन बनाए। यह उनका टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला अर्धशतक है। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 16.5 ओवर में 87 रन ही बना सकी। इस तरह से भारत को 82 रन से जीत मिली। मैच के बाद उन्होंने कहा कि मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। खास तौर पर इसलिए भी, क्योंकि आज पापा का जन्मदिन है। ऐसे में मैं अपने विकेट को उन्हें समर्पित करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि पिच पर दोहरा उछाल था। इस कारण हम विकेट टू विकेट गेंदबाजी करना चाहते थे। हम ऐसा करने में सफल रहे। अब तक हमने फील्डिंग और बॉलिंग में अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में हम इसे बरकरार रखना चाहेंगे। टीम इंडिया ने पहले 4 मैच में एक ही प्लेइंग-11 को मौका दिया है। कोच राहुल द्रवि? ने अपने खिलाड़ियों पर भरोसा दिखाया है। सीरीज का अंतिम मुकाबला 19 जून को बेंगलुरु में होना है। इस लेकर आवेश खान ने कहा कि हम अगले मैच में भी अपना 100 फीसदी देना चाहेंगे और सीरीज पर कब्जा करने के इरादे से उतरेंगे। मालूम हो कि सीरीज के लिए सीनियर खिला?ियों को आराम दिया गया था। बाद में केएल राहुल और बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए। वहीं जीत के बाद कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि दिनेश कार्तिक और हार्दिक पंड्या ने शानदार बल्लेबाजी की। इसके चलते हम अच्छा स्कोर बनाने में सफल रहे। इसके बाद गेंदबाजों ने अपना काम अच्छे से पूरा किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने प्रदर्शन से चिंतित नहीं हूं। मालूम हो कि पंत अब तक खेले गए चारों मैच में ब?ी पारी नहीं खेल सके हैं। ऐसे में कई दिग्गज उन पर सवाल उठा चुके हैं।



### यश दयाल ने हार्दिक को सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताया

**नई दिल्ली** । गुजरात के तेज गेंदबाज यश दयाल ने ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की जमकर तारीफ करते हुए उसे सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताया है। दयाल का मानना है कि अब तक उन्होंने जितने भी कप्तानों के नेतृत्व में खेला है हार्दिक सबसे सबसे बेहतर रहे हैं। दयाल ने कहा कि ÷पांड्या बहुत शांत हैं उन्हें पता होता है कि मैच के किस समय पर क्या करना चाहिए। वो गेंदबाजों के कप्तान हैं। यदि आपको अपने पर भरोसा है, तो वह आपको अपने फैसले स्वयं लेने देते हैं। इससे गेंदबाज का आत्मविश्वास और भी बढ़ता है। मैं कहूंगा जिनके नेतृत्व मैं अब तक खेला हूं उनमें वह सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं। दयाल अकेले ऐसे नहीं है जो हार्दिक की कप्तानी से प्रभावित हैं। पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर का भी मानना है कि आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में उन्हें कप्तान बनाने का फैसला सही कदम है। इतना ही नहीं उन्हें लगता है कि रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तान के रूप में पहली पसंद पांड्या ही होनी चाहिए। हार्दिक, फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम के उप-कप्तान हैं। उन्हें आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया है। इससे पहले हुए आईपीएल में हार्दिक ने कप्तानी करते हुए नई टीम गुजरात टाइटंस को

## वैक्सीनेट नहीं हुए जोकोविच को यूएस ओपन में नहीं मिलेगा प्रवेश

**लंदन** । दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव यूएस ओपन में इस साल अपने खिताब की रक्षा करने उतरेंगे। यूएस ओपन में रूस के खिलाड़ियों को भाग लेने की अनुमति दी गई है। बेलारूस के खिलाड़ी भी इस ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में खेलते नजर आएंगे। वहीं साल 2021 के यूएस ओपन उपविजेता और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एक और ग्रैंड स्लैम से बाहर होने के लिए तैयार हैं। नोवाक जोकोविच ने कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नोवाक जोकोविच संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने में असमर्थ होंगे। क्योंकि सर्बिया के इस खिलाड़ी को बिना टीके वाला विदेशी माना जाता है। इस साल जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अमेरिका में खेले जहां उन्होंने इंडियन वेल्स और मियामी ओपन में भाग लिया था। लेकिन यूएस ओपन 2022 की शुरुआत से पहले नियमों में बदलाव की संभावना है। इसलिए जोकोविच को विशेष छूट की आवश्यकता होगी। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन में भी यही मांग की थी। लेकिन वहां की सरकार ने उनकी मांग को ठुकरा दिया था। यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस एसोसिएशन के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी ल्यू शेर ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह इस साल ग्रैंड स्लैम इवेंट में प्रतिस्पर्धा के लिए गैर-टीकाकरण वाले विदेशियों के लिए किसी भी छूट की मांग करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'हम सरकार के निर्देशों का पालन करने जा रहे हैं।'

इसका मतलब यह हुआ कि नोवाक जोकोविच पिछले साल यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने से मिले 1200 अंकों का बचाव नहीं कर पाएंगे। इस तरह साल 2022 में विंबलडन उनका आखिरी ग्रैंड स्लैम इवेंट होगा। बीते साल विंबलडन का खिताब जीतने वाले जोकोविच इस बार वहां भी अपने अंकों का बचाव नहीं कर पाएंगे। क्योंकि विंबलडन में इस साल खिलाड़ियों को अंक नहीं दिए जाएंगे। जोकोविच दुनिया के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ी हैं। वह अब तक 20 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं। इस मामले में वह रोजर फेडरर की बराबरी पर है। फेडरर ने भी 20 ग्रैंड स्लैम जीते हैं।

## व्यापार न्यूज

### स्वर्ण बॉन्ड की पहली श्रृंखला के लिए निर्गम मूल्य 5,091 प्रति ग्राम तय

**मुंबई** । सरकारी स्वर्ण बॉन्ड (एसजीबी) योजना 2022-23 के लिए निर्गम मूल्य 5,091 रुपए प्रति ग्राम तय किया गया है। योजना की पहली श्रृंखला खरीद के लिए 20 जून से पांच दिनों के लिए खुलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। सरकारी स्वर्ण बॉन्ड (एसजीबी) योजना 2022-23 की पहली श्रृंखला खरीद के लिए 20 से 24 जून के बीच खुलेगी। आरबीआई ने कहा ?कि ऑनलाइन या डिजिटल माध्यम से स्वर्ण बांड के लिए आवेदन और भुगतान करने वाले निवेशकों के लिए निर्गम मूल्य 50 रुपए प्रति ग्राम कम होगा। इस तरह के निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य 5,041 रुपए प्रति ग्राम है। स्वर्ण बॉन्ड योजना 2022-23 की दूसरी श्रृंखला आवेदन के लिए 22 से 26 अगस्त के दौरान उपलब्ध होगी। केंद्रीय बैंक दरअसल भारत सरकार की तरफ से बांड जारी करता है। ये निवासी व्यक्तियों, अविभाजित हिंदू परिवार (एचयूएफ), न्यासों, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थाओं को ही बेचे जा सकते है। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में कुल 12,991 करोड़ रुपए मूल्य के 10 किस्तों में एसजीबी जारी किये गए थे। अभिदान की अधिकतम सीमा व्यक्तियों के लिए चार किलोग्राम, एचयूएफ के लिए चार किलोग्राम और न्यासों तथा समान संस्थाओं के लिए 20 किलोग्राम है। सोने की भौतिक मांग को कम करने के इरादे से सबसे पहले गोल्ड बांड योजना नवंबर 2015 में लाई गई थी।

### पीएनबी ग्राहकों को उच्च मूल्य वाले चेक के लिए एक दिन पहले बताना होगा

**नई दिल्ली** । सार्वजानिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के ग्राहकों को उच्च मूल्य वाले चेक के समाशोधन के लिए एक दिन पहले ही जानकारी देने होगी। बैंक ने ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए यह फैसला ?लिया है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने इस संबंध में सकारात्मक भुगतान प्रणाली (पीपीएस) तैयार की थी। इसके तहत एक उच्च मूल्य का चेक जारी करने वाले ग्राहकों को चेक नंबर, चेक राशि, तिथि और लाभार्थी के नाम की फिर से पुष्टि करनी होती है। पीएनबी ने 10 लाख रुपए और उससे अधिक मूल्य वाले चेक के लिए पीपीएस प्रणाली को चार अप्रैल, 2022 को लागू किया था।ी।

### एनएफटीसी ओला और उबर की तर्ज पर ऑनई परिवहन सेवा शुरू करेगी

**नई दिल्ली** । नेशनल् टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्ट कॉअपरेटिव फेडरेशन ?लिमिटेड (एनएफटीसी) जल्दी ही नई परिवहन सेवा सहकार टैक्सी शुरू करेगी। यह सेवा ओला और उबर की तरह होगी और इसका मकसद लाखों लोगों को रोजगार देना है। एनएफटीसी ने एक बयान में कहा कि इसके अलावा सहकारी संस्थान एवं यात्रा और पर्यटन के जरिये भी एक कूरियर सेवा शुरू की जाएगी। बयान के अनुसार एनएफटीसी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक नया केंद्रीय बोर्ड कार्यालय और यूट्यूब चैनल शुरू किया है। इस नए ढांचे का उदघाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रकल्प सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएन ठाकुर ने किया था।

### अब स्टेशन पर अपनी बर्थ पर आर्डर कर सकते हैं आनलाइन खाना

**नई दिल्ली** । अब आप ऑनलाइन खाना ऑर्डर स्टेशन पर अपनी बर्थ पर खाना मंगा सकते हैं। इस सर्विस के जरिये भोजन बुक करने के लिए आपको एक कन्फर्म टिकट या वेटिंग टिकट की आवश्यकता होगी। इसका कारण यह है कि खाना ऑर्डर करते समय आपको पीएनआर और ट्रेन विवरण दर्ज करना होगा। ई-कैटरिंग सर्विस ऑनलाइन के साथ कैश ऑन डिलीवरी भुगतान करने का विकल्प प्रदान करती है। फिलहाल ई-कैटरिंग सर्विस सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध है।

# कर्मचारियों के लिए अब नहीं बनेगा वेतन आयोग!

### नए फॉर्मूले पर काम कर रही सरकार, कर्मचारियों की परफॉर्मेंस के हिसाब से वेतन में होगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली** । सरकारी कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने के लिए अभी तक सरकार कुछ समय अंतराल पर नया वेतन आयोग लागू करती थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर वेतन बढ़ता था लेकिन मोदी सरकार अब नया वेतन आयोग लागू करने बजाए सैलरी वेतन के लिए दूसरा फॉर्मूला लाने की तैयारी में है। अभी तक केंद्र व राज्य कर्मचारियों को वेतन वृद्धि के अलावा हर छह महीने में महंगाई-भत्ते में वृद्धि का भी लाभ मिलता है। बताया जा रहा है कि वित्त मंत्रालय वेतन बढ़ाने के नए फॉर्मूले पर विचार कर रहा है। मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि अब कर्मचारियों के लिए नया वेतन आयोग नहीं आएगा, बल्कि कर्मचारियों की परफॉर्मेंस के हिसाब से उनके वेतन में बढ़ोतरी की जाएगी। हालांकि भविष्य में यह फॉर्मूला किस तरह काम करेगा, इस पर सरकार अभी मंथन कर रही है। वेतन आयोग के बजाए सैलरी बढ़ाने के लिए नया फॉर्मूला लागू करने पर 6 साल पहले ही बात हुई थी. तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने संसद में कहा था कि अब कर्मचारियों के लिए वेतन आयोग से हटकर सोचने की जरूरत है।

माना जा रहा है कि सरकार अब इसी विचार को अमलीजामा पहनाने की तैयारी कर रही है। कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने के नए फॉर्मूले को अभी अंतिम तौर पर मंजूरी नहीं दी गई है, लेकिन माना जा रहा है कि यह पूरी तरह डीए पर आधारित हो सकता है। सूत्रों के अनुसार नए फॉर्मूले के तहत कर्मचारियों का डीए 50 फीसदी बढ़ते ही उनकी वेतन में ऑटोमेटिक इजाफा हो जाएगा। इसे ऑटोमेटिक पे रिवीजन का नाम दिया जा सकता है, जिसका लाभ केंद्र के 68 लाख कर्मचारियों और करीब 52 लाख पेंशनधारकों को मिलेगा। सरकार के इस फॉर्मूले का सबसे ज्?यादा लाभ छोटे स्?तर के कर्मचारियों को मिलेगा। हालांकि, अभी फॉर्मूले को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है लेकिन, ऐसा माना जा रहा है कि नया नियम लागू होने के बाद निम्न स्तर के कर्मचारियों का वेतन ज्यादा बढ़ जाएगा। इसके तहत लेवल मैट्रिक्स 1 से 5 तक के कर्मचारियों का न्यूनतम बेसिक वेतन 21 हजार रुपए हो जाएगा।

## कर्ज में डूबी लिपस्टिक कंपनी रेवलॉन हुई दिवालिया

नई दिल्ली । सौंदर्य प्रसाधन बनाने वाली अमेरिका की मशहूर कंपनी रेवलॉन इंक ने बैंकरप्सी के लिए आवेदन कर दिया है। 90 साल पुरानी यह दिग्गज कंपनी अपना कर्ज नहीं चुका पा रही थी। साथ ही सप्लाई चेन और महंगाई के कारण उसकी हालत खस्ता हो गई थी। कंपनी ने चैप्टर 11 बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया है। इसके तहत कंपनी अपना कामकाज जारी रख सकती है और साथ ही कर्ज चुकाने के लिए योजना बना सकती है। मार्च के मध्य तक कंपनी पर 3.31 अरब डॉलर का कर्ज था। हाल के महीनों में मेकअप प्रोडक्ट्स की मांग में तेजी आई है क्योंकि लॉकडाउन की बंदिशों खत्म होने के बाद लोग बाहर निकल रहे हैं। लेकिन रेवलॉन को दूसरे ब्रैंड्स से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। लिपस्टिक बनाने वाली इस कंपनी ने अपने बिजनेस को बचाने के लिए कर्जदारों से बात शुरू की थी। मार्च में कंपनी ने कहा था कि उसे सप्लाई चेन की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण वह मांग पूरा नहीं कर पा रही है। न्यूयॉर्क की इस कंपनी का मालिकाना हक अरबपति कारोबारी रोन पर्लमेन की कंपनी मेकएडवर्स एंड फौबर्स के पास है।

इस कंपनी को दूसरी छोटी कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्द्धा का सामना करना पड़ रहा है। ये कंपनियां कस्टमर्स को लुभाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही हैं। कोविड-19 महामारी से पहले ही कंपनी की बिक्री में गिरावट आ रही थी और रही सही कसर कोरोना ने पूरी कर दी। रेवलॉन के 15 से ज्यादा ब्रैंड हैं जिनकी करीब 150 देशों में इनकी बिक्री होती है।

### भारत और ईयू ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

**नई दिल्ली** । भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने आठ साल से अधिक समय के बाद व्यापार एवं निवेश समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की। भारत और यूरोपीय संघ द्वारा संतुलित और व्यापक व्यापार समझौते के लिए वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा के एक साल बाद बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में वार्ता हुई है।

## स्विगी और जोमैटो 1 जुलाई से डिलीवर करेंगे सिर्फ गुणवत्ता वाला खाना!

### कंपनियां एफएसएसएआई ग्राहकों के हित में लागू कर रही नया नियम

**नई दिल्ली** । भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ऑनलाइन खाना ऑर्डर करने और डिलिवरी सुविधा देने वाली स्विगी-जोमैटो जैसी कंपनियों को गुणवत्ता वाला खाना पहुंचाने के सख्त निर्देश दिए हैं। एफएसएसएआई ने उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए इन एग्रीगेटर कंपनियों के लिए 1 जुलाई से नई गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य बना दिया है। एफएसएसएआई के मुताबिक, 1 जुलाई से स्विगी-जोमैटो जैसी कंपनियों को खाना डिलीवर करने से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि जिस रेस्तरां या होटल का खाना वह डिलिवरी करते हैं, उस पर पोषक तत्वों की पूरी जानकारी हो। सभी ई-कॉमर्स खाद्य कारोबार परिचालकों (एफबीओ) को लिखे पत्र में एफएसएसएआई ने कहा है कि वे अपने मोबाइल ऐप सहित तमाम मंचों पर खाद्य वस्तुओं में उपस्थित कैलोरी, पोषक तत्वों की मौजूदगी और उसके दुष्प्रभावों से संबंधित जानकारी को अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे। ऐसा करने से उपभोक्ता को बेहतर खाद्य उत?पाद चुनने में आसानी होगी। एफएसएसएआई खाद्य सेवा प्रतिष्ठानों के लिए वर्ष 2020 में लेबलिंग और आंकड़े प्रदर्शित करने वाले नियम लेकर आया था। अब इसे ई-कॉमर्स फूड कंपनियों पर लागू किया जा रहा है।

इसी कड़ी में प्राधिकरण ने स्विगी-जोमैटो जैसी कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे अपने मोबाइल ऐप सहित सभी ऑनलाइन मंच पर पोषण संबंधी जानकारियां डिस्प्ले करने की व्यवस्था करें। इसका मकसद एक तो उपभोक्ताओं तक गुणत्तापूर्ण खाद्य सामग्री पहुंचाना है और दूसरा इसके दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को सचेत करना है। एफएसएसएआई ने अपने सभी क्षेत्रीय निदेशकों से कहा है कि फूड डिलीवरी करने वाले ऑनलाइन मंचों पर इन दिशा-निर्देशों के पालन की निगरानी की जानी चाहिए। ऑनलाइन खाना ऑर्डर लेने और डिलीवर करने वाली प्रमुख कंपनी जोमैटो के प्रवक्ता ने कहा कि हम पहले से ही इन नियमों का पालन कर रहे हैं। हमारे साथ जुड़े रेस्तरां अभी तक स्वैच्छा से खाद्य उत्पादों की पोषकता और उसके नुकसान की जानकारी दे रहे हैं। अब हम उनसे इन जानकारियों को अनिवार्य रूप से साझा किए जाने को लेकर संपर्क कर रहे हैं।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार फिर कम होकर 600 बिलियन डॉलर से नीचे पहुंचा

**मुंबई** । देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक बार फिर से घटकर 600 बिलियन डॉलर से नीचे पहुंच गया है। ऐसा लगातार दूसरे सप्ताह हुआ है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार पिछली 10 जून को समाप्त सप्ताह के दौरान यह 4.599 अरब डॉलर घट कर 596.458 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले बीते तीन जून को समाप्त सप्ताह में भी यह 3.06 अरब डॉलर घटा था। तब यह 601.057 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार बीते 27 मई को समाप्त हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.854 अरब डॉलर बढ़कर 601.363 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा भंडार एक महीने से अधिक समय तक 600 बिलियन डॉलर से नीचे रहा था। इसके साथ ही यह लगातार 10 सप्ताह तक गिरा था। तब जा कर 20 मई और 27 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें बढ़ोतरी हुई थी। आरबीआई के साप्ताहिक सांख्यिकीय आंकड़ों के मुताबिक 27 मई को सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.854 अरब डॉलर बढ़कर 601.363 अरब डॉलर हो गया था। दस जून को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का कारण विदेशी मुद्रा आस्तियों या फॉरेन करेंसी असेट में आई गिरावट है। यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण घटक है। आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में फॉरेन करेंसी असेट (एफसीए) 4.535 अरब डॉलर घटकर 532.244 अरब डॉलर रह गई। डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखे जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 10 लाख डॉलर की मामूली गिरावट के साथ 40.842 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जमा स्पेशल ड्राइंग राइट 2.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.388 अरब डॉलर रह गया। आईएमएफ में रखे देश का मुद्रा भंडार भी चार करोड़ डॉलर घटकर 4.985 अरब डॉलर रह गया।


# सिंगल ट्रैक हमारा वर्तमान हैं, भविष्य नहीं: सुकृति कक्कड़



गायिका सुकृति कक्कड़ के हालिया सिंगल ट्रैक गलत होगया को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। कई सिंगल ट्रैक की तरह ही यह गाना भी चार्ट पर शीर्ष स्थानों में जगह बनाने पर कामयाब रहा है। यह प्रतिक्रियाएं दावा करती हैं, कि इंडिपेंडेंट ट्रैक बॉलीवुड संगीत को कड़ी टक्कर दे रहा हैं। सुकृति को लगता है कि उभरते संगीतकारों के लिए यह बहुत अच्छा समय है। हाल ही में सुकृति ने अपनी जुड़वां बहन प्रकृति कक्कड़ और अमाल मलिक के साथ अंतर्राष्ट्रीय पॉप स्टार दुआ लीपा की हिट लेविटेटिंग के साथ काम किया है। अपने सिंगल ट्रैक की सफलता के बारे में कहा, पिछले एक साल में कुछ ही ऐसी फिल्में आई हैं, जिनका संगीत चार्ट पर अच्छा रहा है। बेशक, बहुत कम रिलीज हुई हैं। हमेशा गैर-फिल्मी संगीत और फिल्म संगीत के बीच तुलना की जाती है लेकिन मुझे लगता है कि धीरे-धीरे रेखाएं गायब हो रही हैं। वह कहती है, मुझे नहीं लगता कि सिंगल ट्रैक भविष्य हैं, यह हमारा आज है और अभी ठहरेगा। सिंगल ट्रैक बहुत बढ़ता जा रहा है। अगर यह एक अच्छा गीत है और अच्छी तरह से इसकी मार्केटिंग हुई है, तो यह बॉलीवुड की तुलना में ज्यादा पसंद किया जाता है। मुझे लगता है कि यह संगीतकारों और उभरते कलाकारों के लिए बहुत अच्छा समय है। सुकृति के लिए अमाल और बहन प्रकृति के साथ लेविटेटिंग में सहयोग करना रोमांचित रहा है। वह कहती हैं, यह हमारे लिए एक बड़ा सपना है। इस तरह की चीजें हर दिन नहीं होती हैं। इस तरह की शुरूआत पहले ही चरण में हमारे साथ होना एक आशीर्वाद है।

## तारा सुतारिया के इंस्टाग्राम पर 60 लाख फॉलोअर्स पूरे

बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया के इंस्टाग्राम पर 60 लाख फॉलोअर्स पूरे हो गये। उन्होंने अपने प्यारे इंस्टा परिवार को धन्यवाद दिया और उन्हें सुरक्षित, अच्छा और खुश रहने के लिए कहा। इस मौके



पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर कर फैंस का धन्यवाद किया है, जिसमें वह 60 लाख फॉलोअर्स पूरे होने की खुशी में जश्न मानती नजर आ रही हैं। फोटो को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर तारा सुतारिया ने अपने फैंस का धन्यवाद करते हुए लिखा, मुझे हमेशा प्यार करने के लिए धन्यवाद, मेरी प्यारी इंस्टाग्राम फैमिली आपके लिए 60 लाख किस और हग! सुरक्षित रहें और खुश रहें.. हम इस बार एक साथ थ्रो करेंगे। अभिनेत्री ने टाइगर श्रॉफ और अनन्या पांडे की सह-अभिनेत्री स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में शुरूआत की। वह एक्शन फिल्म मरजावां में भी देखी गई थीं।अब उनकी दो फिल्में आ रही हैं तड़प और एक विलेन 2। तड़प मिलन लुथरिया की तेलुगु हिट आरएक्स 100 का रीमेक है। उनकी जोड़ी सुनील शेट्टी के बेटे अहान के साथ है, जो इस फिल्म से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत करेंगे। मोहित सुती की एक विलेन 2 में जॉन अब्राहम, दिशा पटानी और आदित्य रॉय कपूर भी हैं। टाइगर श्रॉफ अभिनीत हीरोपंती के दूसरे पार्ट में भी हैं। कोरियोग्राफर-निर्देशक अहमद खान करेंगे।

## मैंने गलतियां की लेकिन यह ठीक है : सुनील शेट्टी

अभिनेता सुनील शेट्टी, जो तीन दशकों से बॉलीवुड का हिस्सा हैं,



उनका का कहना है कि उनकी समस्या टाइपकास्ट नहीं है, बल्कि सुरक्षित खेल है। 59 वर्षीय स्टार ने 1992 में एक्शन ड्रामा 'बलवान' से बॉलीवुड में शुरूआत की, और जल्द ही उन्हें एक एक्शन हीरो के रूप में देखा जाने लगा। इन वर्षों में, उन्होंने 'मोहरा', 'बॉर्डर', 'कांटे' और 'सपूत' जैसी हिट फिल्म से अपनी पहचान बनाई। नई पीढ़ी में, टाइगर श्रॉफ और आयुष्मान खुराना जैसे अभिनेताओं ने एक विशेष प्रकार के सिनेमा से जुड़े रहने के कारण अपनी पहचान बनाई है। सुनील ने बताया, मुझे लगता है कि आयुष्मान खुराना या टाइगर श्रॉफ समय समय पर प्रयोग करते हैं। और एक छवि प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण है और उनके लिए एक निश्चित छवि है। इन दो नामों को केवल सराहना की जा सकती है उन्होंने कहा, एक सुनील शेट्टी था जो कुछ वर्षों के बाद विफल हो गया क्योंकि वह सब्जेक्ट में विश्वास करता था लेकिन मार्केटिंग असफल रही। सुनील को लगता है कि बॉलीवुड में उनकी यात्रा उनके बेटे अहान को उनका मार्ग प्रशस्त करने में मदद करेगी।

# आशका गोराडिया ने लिया एक्टिंग से संन्यास



कुसुम, नच बलिए, डायन जैसे सीरियल में धमाल मचाने के बाद एक्ट्रेस आशका गोराडिया ने एक्टिंग से रिटायरमेंट लेने का फैसला ले लिया है. आशका अब एक्टिंग छोड़कर अपना पूरा ध्यान अपने बिजनेस पर लगाना चाहती हैं, उन्होंने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्टिंग से संन्यास लेने की जानकारी दी है.आशका को अपने एक्टिंग टैलेंट की वजह से खूब पहचान मिली है. वह आखिरी बार सीरियल बालवीर में नजर आई थी. उनकी फिटनेस की वजह से सोशल मीडिया पर लाखों लोग उन्हें फॉलो करते हैं. आशका ने बताया है कि बिजनेस हमेशा से उनके खून में रहा है और एक्टिंग की दुनिया में उन्होंने बाय चांस कदम रख दिया था. आशका ने बताया उन्होंने अपना ये फैसला इंडस्ट्री के प्रोड्यूसर्स को भी बता दिया है. आशका ने कहा- एक्टिंग ने मुझे मेकअप से इंट्रोड्यूस करवाया जिसकी वजह से मैंने इंडस्ट्री में वो किया जो मैं करना चाहती थी. मेरे पति ब्रैंट की वजह से योगा मेरी जिंदगी में एक बार फिर वापस आया. इससे मुझे शांति मिलती है और जर्नी एक अलग मोड़ पर चली गई. आशका ने आगे कहा- जब मैं जिंदगी से मिली हर चीज देखती हूं तो मुझे खुशी होती है जिस रास्ते पर मैं हूं. यह वह रास्ता है जहां मेरे सपने हकीकत में बदलते हैं. आज बतौर बिजनेसवुमैन मेरे काम को नोटिस किया जाता है जिसकी सराहना मुझे अवॉर्ड के रुप में मिलती है. इससे मुझे खुशी मिलती है. आशका ने आगे कहा- वह अपने करियर के लिए ग्रेटफुल हैं यह स्ट्रगल के बिना होना मुश्किल था लेकिन मेरे पति ने हमेशा मेरा सपोर्ट किया है. जब मैं उनकी आंखों में देखती हूं तो मुझे उनमें दुनियाभर का प्यार, विश्वास का समंदर नजर आता है. उनके विश्वास की वजह मैं आगे बढ़ पाई हूं.।



## आतंकवाद को चीन की शै

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इधर ब्रिक्स का शिखर सम्मेलन होनेवाला है, जिसमें चीन और भारत के नेता आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त रणनीति बनाएंगे और उधर चीन ने पाकिस्तान के आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की को बड़ी राहत दिला दी है। अमेरिका और भारत ने मिलकर मक्की का नाम



आतंकवादियों की विश्व सूची में डलवाने का प्रस्ताव किया था लेकिन चीन ने सुरक्षा परिषद के सदस्य होने के नाते अपना अड़ंगा लगा दिया। अब यह काम अगले छह माह तक के लिए टल गया है। यदि चीन अड़ंगा नहीं लगाता तो मक्की पर भी वैसे ही अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लग जाते, जैसे कि जैश-ए-मुहम्मद के मुखिया मसूद अजहर पर लगे हैं। उसके मामले में भी चीन ने अड़ंगा लगाने की कोशिश की थी। समझ में नहीं आता कि एक तरफ तो चीन आतंकवाद को जड़मूल से उखाड़ने की घोषणा करता रहता है लेकिन दूसरी तरफ वह आतंकवादियों की पीठ ठोकता रहता है। जिन आतंकवादियों के खिलाफ पाकिस्तान सरकार ने काफी सख्त कदम उठाए हैं, उनकी हिमायत चीन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर क्यों करना चाहता है? क्या इसे वह पाकिस्तान के साथ अपनी 'इस्पाती दोस्ती' का प्रमाण मानता है? खुद पाकिस्तान की सरकारें इन आतंकवादियों से तंग आ चुकी हैं। इन्होंने पाकिस्तान के आम नागरिकों की जिंदगी तबाह कर रखी है। ये डंडे के जोर पर पैसे उगाते हैं। ये कानून कायदों की परवाह नहीं करते हैं। पाकिस्तान की सरकारें इन्हें सींखचों के पीछे भी डाल देती हैं लेकिन फिर भी चीन इनकी तरफदारी क्यों करता है? इससे चीन को क्या फायदा है? चीन को बस यही फायदा है कि ये आतंकवादी भारत को नुकसान पहुंचाते हैं। याने भारत का नुकसान ही चीन का फायदा है। चीन का यह सोच किसी दिन उसके लिए बहुत घातक सिद्ध हो सकता है। उसे इस बात का शायद अंदाज नहीं है कि ये आतंकवादी किसी के सगे नहीं होते। ये कभी भी चीन के उइगर मुसलमानों की पीठ ठोककर चीन की छाती पर सवार हो सकते हैं। यदि चीन पाकिस्तान के आतंकवादियों की तरफदारी इसलिए करता है कि वे भारत में आतंकवाद फैलाते हैं तो उसे यह पता होना चाहिए कि इन आतंकवादियों के चलते पाकिस्तान की छवि सारी दुनिया में चौपट हो गई है। पाकिस्तान के सभ्य और सज्जन नागरिकों को भी सारी दुनिया में संदेह की नजर से देखा जाने लगा है। पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय 'द फिनांशियल एक्शन टास्क फोर्स' ने जो प्रतिबंध लगाए थे, उन्हें हटाने की जो शर्तें थीं, वे पाकिस्तान ने लगभग पूरी कर ली हैं लेकिन फिर भी टास्क फोर्स को उस पर विश्वास नहीं है। पाकिस्तान को हरी झंडी तब तक नहीं मिलेगी, जब तक कि टास्क फोर्स के पर्यवेक्षक खुद पाकिस्तान आकर सच्चाई को परख नहीं लेंगे। पाकिस्तान को चाहिए कि वह यदि इन आतंकवादियों को खुद काबू नहीं कर सके तो उन्हें वह अंतरराष्ट्रीय दंडालयों के हवाले कर दे।

# ऐतिहासिक सच्चाई को समझे भारतीय मुसलमान

सुरेश हिन्दुस्थानी

### भारत की मुख्य धारा में शामिल होंगे तभी होगा विकास

भारत विभाजन के समय जिन मुसलमानों की मानसिकता विभाजनकारी थी, वह सभी पाकिस्तान चले गए। लेकिन कई मुसलमान ऐसे भी थे, जिनको भारत ही पसंद था, ऐसे मुसलमानों ने भारत में ही रहना पसंद किया। वह एक प्रकार से शांति प्रिय मुसलमान ही था। आज भी भारत के मुसलमान शांति प्रिय हैं, लेकिन कुछ लोग पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगान के कट्टरपंथी मुसलमानों के संकेत पर भारत के मुसलमानों को भड़काने का काम कर रहे हैं। जो शांत प्रिय मुसलमानों को अशांत करने का एक बड़ा कारण माना जा सकता है। यहां बड़ा सवाल यह आता है कि आज विश्व के अनेक देशों में मुसलमानों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है। इस संदेह के कारण ही सीधा साधा और शांति प्रिय मुसलमान परेशान हो रहा है, वास्तव में जिहादी संगठन ही आज मुसलमानों की दुर्दशा के कारण हैं, मुसलमानों को इस सत्य को स्वीकार करना ही चाहिए। भारत में भी कई जगह जो मुसलमान शक के दायरे में हैं, हो सकता है कि वे मुसलमान भारत के न हों, क्योंकि हम जानते हैं कि देश में आज पाकिस्तानी, बंगलादेशी, अफगानी और ईरानी मुसलमान भी निवास कर रहे हैं। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपने देश से वीजा लेकर भारत आए और यहां आकर वह वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी रह रहे हैं, इतना ही नहीं आज उनकी पहचान करना भी मुश्किल हो रही है, क्योंकि वे कट्टरवादी, भारतीय मुसलमानों में समा गए हैं। सीधे शब्दों में कहा जाये तो यही कहना होगा कि उनको भारत में कट्टरवादी मुसलमानों ने ही आश्रय दिया है। जो उनके लिए अशांति का वातावरण निर्मित कर रहे हैं।

जहां तक भारत के मुसलमानों का सवाल है तो यही कहा जा सकता है कि भारत के मुसलमान मूलत~ हिन्दू हैं। उनके पूर्वज हिन्दू हैं। इनमें से कुछ मुसलमान इसलिए कट्टर हो गए हैं, क्योंकि वे पाकिस्तान या बांग्लादेश के कट्टरपंथियों के सम्पर्क में हैं, भारत का जो भी मुसलमान इन दोनों देशों से आया है, वह भारत के संस्कार नहीं समझ सकता। इसके विपरीत भारत का वास्तविक मुसलमान स्वभाव से हिन्दू होने के कारण आज भी शांति चाहता है। यही लोग एनआरसी का विरोध करते दिखाई देते हैं और यही लोग भारत को तोड़ने का दुस्साहस कर रहे हैं। इसलिए भारत के मुसलमानों को चाहिए कि वह इनके बहकावे में नहीं आएं, क्योंकि इससे उनका तो भला होगा, लेकिन भारत के मुसलमानों का नहीं। क्या कभी किसी ने इस बात पर गौर किया है कि आज अनेक मुस्लिम देश आतंक से परेशान हैं। आज समस्त विश्व वैश्विक शांति के लिए प्रयास कर रहा है, वर्तमान समय में यह आवश्यक भी है और तथ्यपरक बात यह है कि विश्व शांति के जिस दर्शन की ओर दुनिया के लोग जाने का प्रयास कर रहे हैं, वह दर्शन भारतीयता में हैं। कहना तर्कसंगत ही होगा कि भारतीय दर्शन से ही शांति की स्थापना हो सकेगी।

हम जानते हैं कि भारत के जिन कट्टरपंथी मुसलमानों ने वर्ष 1947 में जिस प्रकार से पाकिस्तान का निर्माण किया। उसके पीछे केवल कट्टरवादिता ही थी। वे आज भारत के मुसलमानों के हाथ में पत्थर थमाना चाहते हैं। अगर उनको भारत के मुसलमानों के बारे में चिंता है तो वह उन्हें रोजगार के साधन देने का प्रयास करें, जिससे वह अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। इसके अलावा सबसे बड़ा सत्य तो यह है कि भारत और पाकिस्तान में निवास करने वाले मुसलमान के पूर्वज पहले हिन्दू ही थे। अगर वे इतिहास उठाकर देखेंगे, तो उन्हें इस सच्चाई का पता चल जाएगा। वैसे भारत के कई मुसलमान आज भी इस सत्य को बेहिचक स्वीकार करने का साहस दिखाते हैं। यह भी सच है कि दुनियाभर में जितने भी मुसलमान निवास करते हैं, उनमें सबसे ज्यादा सुरक्षित भारत में ही हैं। आज कुछ मुसलमान संदेह की दृष्टि से देखे जा रहे हैं, उसके



पीछे भी सबसे बड़ा कारण स्वयं मुसलमान ही है।

तथाकथित मुस्लिम समुदाय जहां भारत में अमन चैन व शांति को भंग करने के प्रयास में लगा हुआ है, वहीं बाहरी तत्व इसको हवा देने का कार्य कर रहे हैं। नूपुर शर्मा के मामले में यही कहा जाएगा कि इसमें मुसलमानों को गुमराह करने का काम किया गया। नूपुर शर्मा ने जो बोला, उस सत्य से मुसलमान भी परिचित है। उनकी किताब भी यही कहती है। फिर यह बवंडर क्यों?

यह ऐतिहासिक सच्चाई है कि विदेशी मुस्लिम बादशाहों ने भारत पर कभी लूटपाट के लिए और कभी अपनी सत्ता स्थापित कर इस्लामी झंडा फहराते हुए भारत की धर्म, संस्कृति और परम्परा को क्रूरता से कुचलने की लगातार कोशिश की। चाहे बाबर, तैमूर, गौरी हो या औरंगजेब हो, सभी की बर्बरता की कहानी इतिहास चीख-चीखकर कह रहा है। इतिहास को कुरेदकर यह समीक्षा करने समय नहीं है कि ये क्रूर हमलावर क्यों सफल हुए, भारत की राजशक्ति इस क्रूरता का प्रतिकार क्यों नहीं कर सकी। इस सबकी तह में जाने से यह पता चलता है कि कही न कहीं भारतीय समाज में अपने धर्म के प्रति निष्ठा कमजोर थी, लेकिन आज एक बात दिखाई देने लगी है कि भारतीय युवा अपने धर्म के प्रति निष्ठा का प्रदर्शन कर रहा है और ऐसा करने में उसे गौरव का अहसास भी होता है। हम देखते हैं कि देश के विरोध में उठने वाली हर आवाज का हर स्तर पर सटीक जवाब दिया जाने लगा है। हम यह भी जानते हैं कि क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। ध्यान रहे कि जब मुसलमान अपने धर्म के बारे में कोई गलत बात सुनना नहीं चाहता तो अन्य धर्म के व्यक्ति कैसे सुन सकते हैं।

वर्तमान में भारत की करीब बीस प्रतिशत आबादी मुस्लिमों की है। इनके पूर्वज हमलावरों की क्रूरता के शिकार हुए और अपने परिवार की जीवन रक्षा के लिए इन्होंने मजबूरी में इस्लाम कबूल किया। इसलिए इस सच्चाई को कैसे नकारा जा सकता कि इनके पूर्वज हिन्दू थे। इस प्रकार के सम्प्रदाय और उपासना पद्धति का विकास देश की माटी से होता है, इसलिए भारत का इस्लाम सऊदी अरब का इस्लाम नहीं हो सकता। भारत की सर्वव्यापी संस्कृति के विचार प्रवाह के साथ ही भारत के मुस्लिमों को चलना होगा, क्योंकि उनका जिन्स और हिन्दुओं का जिन्स समान है, जो इस खून के रिश्ते को तोड़कर भारत के मुस्लिमों को देश की माटी से अलग करना चाहते हैं, वे छद्म देशद्रोही हैं, उनकी कोशिशों को असफल करना, हर देशभक्त मुसलमान का दायित्व है। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब आतंक फैलाने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही की बात करते हैं, तो उसमें यह कभी नहीं देखते कि यह हिन्दू है या फिर मुसलमान। जो गलत करेगा, उसे गलती की सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन कुछ राजनीतिक दल के नेता इसे हिन्दू-मुसलमान की दृष्टि से देखने की कुचेष्टा करते हैं। यही मानसिकता समाज को तोड़ने का कार्य कर रही है। योगी जी की सरकार सभी को समान दृष्टि से देखती है और सरकारी योजनाओं का लाभ भी बिना किसी भेदभाव के दिया जा रहा है। जबकि इससे पूर्व सपा की सरकार में हिन्दुओं का तिरस्कार किया गया। अगर योगी जी अपराध को समाप्त करने की बात करते हैं तो इसमें मुसलमान कहां से आ गया। यह भेद सपा और कांग्रेस करती होगी, लेकिन योगी जी की नजर में किसी भी प्रकार का कोई भेद नहीं है।


## श्रद्धा से मिलता है ज्ञान

एक बार बालक नचिकेता ने अपने पिता से कहा, आप ब्राह्मणों को जर्जर, कृशगात और अनुपयोगी गाय दान में दे रहे हैं। उन्होंने यह नहीं कहा कि ऐसा ठीक नहीं है परंतु पिता समझ गए कि यह मेरी निंदा कर रहा है, मेरा अनादर कर रहा है, मेरे कृत्य की भर्त्सना कर रहा है। नचिकेता ने पिता से कहा- शाप कहते हैं कि अच्छी वस्तु, अच्छी निधि तथा अच्छी संपदा का दान करना चाहिए। अगर आप दान ही कर रहे हैं तो मुझको किसे दान में देंगे ? पिता को चुप लग गया लेकिन बालक नचिकेता बार- बार टोकने लगा-पिताजी ! आप मुझे किसे दान में देंगे ? आपने यह भी विचार किया होगा कि मुझे भी किसी को दान में देंगे। इस पर पिता ने प्रोध में कहा-मैं तुझे यमराज को दान में देता हूं। आज से तू यम की वस्तु हुआ। दान की गई वस्तु कभी ली नहीं जाती और कभी लौटाई नहीं जाती। अब तू मेरा नहीं रहा। चूंकि मैं तुझे दान कर चुका हूं इसलिए तू मेरे पास नहीं रहेगा। बालक नचिकेता को यह बुरा नहीं लगा कि मेरे पिता ने मुझे कुछ कहा है। ऐसी श्रद्धा थी नचिकेता की अपने पिता के प्रति। यही श्रद्धा ज्ञानकारक बनी और नचिकेता को यमराज के द्वार पर लेकर गई। यमराज ने देखा कि यह सामान्य बालक नहीं, श्रद्धावान बालक था। जब हमारे पास श्रद्धा आती है तो वह हमें बाध्य करती है। गुरु के पास जो गुरुत्व है, साधु के पास जो साधुत्व है, संन्यासी के पास जो संन्यस्त है, गंगा के पास जो गंगत्व है,देवताओं के पास जो देवत्व है और भगवान के पास जो भगवत्ता है; उसके हम स्वाभाविक रूप से अधिकारी बन जाते हैं। श्रद्धावान व्यक्ति स्वाभाविक रूप से योग्यता रखता है चूंकि उसके पास तर्प नहीं होते। नचिकेता संकल्पित मन से यमराज की चौखट पर बैठ गया।

## क्या फिर धधक रही है किसान आंदोलन की चिंगारी ?

निर्मल रानी

सरकार इन दिनों अपने बेलगाम पार्टी प्रवक्ताओं के ज़हरीले बयानों के चलते अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर काफ़ी शर्मिन्दिगी का सामना कर रही है। साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी शासित विभिन्न राज्यों में सरकार की नयी %बुलडोज़र नीति% के चलते देश के तमाम जाने माने क़ानूनविद यहाँ तक कि कई पूर्व मुख्य न्यायाधीश सरकार द्वारा अब तक सैकड़ों आरोपियों के मकानों को ज़मीं दोज़ करने जैसे ग़ैर क़ानूनी व अमानवीय कृत्य लिये भारी आलोचना कर रहे हैं। वहीं इसी बीच किसान आंदोलन की सुगबुगाहट भी पुनः सुनाई देने लगी है। और इस सुबुगाहट की भनक संयुक्त किसान मोर्चे के कई किसान नेताओं की तरफ़ से तो मिल ही रही है साथ साथ किसानों के अधिकारों के लिये मुखरित होकर बोलने वाले भाजपा नेता व मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक के बयानों से और भी स्पष्ट हो रही है। गत 12 जून ( रविवार ) को राज्यपाल मलिक ने जयपुर में आयोजित %अंतरराष्ट्रीय जाट संसद% के दौरान हज़ारों जाट नेताओं की मौजूदगी में किसानों के पक्ष में तथा केंद्र सरकार व सरकार हितैषी उद्योगपतियों के विरुद्ध जिन शब्दों का प्रयोग किया उससे तो यहाँ तक स्पष्ट हो गया कि यदि किसान आंदोलन शुरू हुआ तो सतपाल मालिक सरकार के विरुद्ध व किसानों के हक़ में प्रथम पंक्ति में खड़े दिखाई दे सकते हैं। मलिक के अनुसार %सरकार पर भरोसा नहीं है और किसानों को दूसरी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा%। और यह भी कि %अगर समय रहते न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क़ानून नहीं बनाया तो किसानों और सरकार के बीच भयंकर लड़ाई होगी।



राज्यपाल मलिक ने साफ़ कहा कि एमएसपी पर शीघ्र क़ानून नहीं बनने से देश में किसान और सरकार के बीच फिर आरपार होगी । मलिक ने कहा है कि -%मुझे राज्यपाल के पद की चिंता नहीं है, मैं तो अपना इस्तीफ़ा जेब में साथ लेकर घूमता हूं। मैं हमेशा अन्नदाताओं के साथ हूं। आगामी दिनों में भी पूरी तरह से हर लड़ाई में किसानों के लिए समर्पित रहूंगा। मलिक ने यह भी कहा कि किसानों की फ़सल सस्ते दामों पर ख़रीद कर महंगे दामों में बेचने के लिए पानीपत में बड़ा गोदाम बनाया गया है। डरने की ज़रूरत नहीं है,अडानी समूह के ऐसे गोदाम उखाड़ फेंको। किसानों के साथ मैं भी जेल चलूंगा%। उन्होंने कहा कि %जब तक अडानी-अंबानी पर हमला नहीं होगा तब तक ये नहीं रुकेंगे% । उन्होंने कहा कि %देश के एयरपोर्ट, रेलवे, शिपयार्ड सरकार के दोस्त अडानी को बेचे जा रहे हैं। हमें देश को बिकने से रोकना होगा% ।मलिक ने सवाल किया कि %आख़िर जब सब बर्बाद हो रहे हैं तो पीएम मोदी बताएं कि ये लोग कैसे मालदार हो रहे हैं %? मलिक ने कहा कि -%मैं हमेशा दो कमरे के मकान में रहा हूं, यही मेरी ताक़त है। इसलिए मैं पीएम समेत सबसे पंगा ले सकता हूं। ईडी के डर से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है%।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत भी कह चुके हैं कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की हितैषी नहीं हैं। इसलिये उन्होंने दिल्ली की जगह लखनऊ में जल्द आंदोलन का ऐलान भी किया है । पिछले दिनों भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने बिजनौर में कहा कि %केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों को उनकी फ़सलों के वाजिब दाम न देकर अपनी ऐसी छवि बनाई है गोया वह किसानों की हितैषी नहीं बल्कि किसान विरोधी है। उन्होंने कहा कि इस बार आंदोलन दिल्ली की जगह लखनऊ में किया जाएगा। और हरिद्वार में 16 से 18 जून तक चलने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में इस आंदोलन की तिथि तय की जाएगी। नरेश टिकैत ने कहा कि किसानों को अपना आंदोलन व संघर्ष और बढ़ाना होगा। किसान जल्दी से अपनी खेती के काम निपटा लें। इस बार आंदोलन दिल्ली की जगह लखनऊ में किया जाएगा। उधर एक ताज़ातरीन रहस्योद्घाटन में श्री लंका के एक उच्चाधिकारी सिलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड चेयरमैन एम एम सी फ़र्डिनैंडो ने पब्लिक इंटरप्राइज़ेज़ की संसदीय कमेटी की एक सुनवाई में कहा कि- श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने उन्हें कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी 500 मेगावाट वाले विंड पावर प्रोजेक्ट को अडानी ग्रुप को देने के लिए दवाब बना रहे हैं।

# पितृ दिवस (फादर्स डे )

### सूडोकु नवताल- 6106

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

#### सूडोकु नवताल -6105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

**मेरे लिए खुशियों का आशियाना**
**वो हर पल बुन रहे थे**
**मेरे सपने उनके साथ चले गये**
**मेरे पापा मुझे छोड़ गये**

मेरे पिता श्री प्रेमचंद जैन, मेरे पिता ही नहीं मेरे अच्छे दोस्त ,गाइड ,निर्देशक और सुसंस्कारित करने वाले व्यक्ति थे। आज मैं जो कुछ भी हूँ --डॉक्टर ,लेखक ,पुत्र, पिता,भाई,चाचा, मामा आदि बना हूँ उनको श्रेष्ठ बनाने में उनका योगदान हैं। अध्यात्म ,धर्म ,नैतिकता, सदाचरण ,सेवा करने के भाव ,उनके द्वारा बीजारोपण किया गया था। नौकरी आपातकाल के समय कहा ÷सरकारी दवाओं की चोरी नहीं करना ,अपना चरित्र सम्हाल कर रखना और धर्म की सेवा करना ÷का पालन करना। यह घुट्टी मुझे पिलायी गयी थी। उनका हमेशा स्मरण मेरे ह्रदय में रहता हैं। उनके द्वारा ही मुझे पढ़ने लिखने का शौक मिला और उनकी प्रेरणा से मेरे पास एक समृध्द पुस्तकालय हैं

पश्चिमी सभ्यता के अनुकरण के साथ हमारे देश में भी कई ऐसे दिन मनाये जाने लगे है। जैसे कि विश्व कैंसर अवेयरनेस डे आदि। फादर डे भी इसी तरह का एक दिवस है, इस दिन सभी संतान अपने पिता के प्रति अपनी कृतज्ञता दर्शाते हैं। इस दिवस के पालन से बच्चों और पिता में सम्बन्ध और गहरे होते हैं।

फादर्स डे अपने पिता को स्पेशल महसूस कराने का दिन होता है। इस दिन बच्चे अपने पिता के प्रति अपने आदर को तरह तरह के माध्यम से दर्शाते हैं। फादर्स डे अंतर्राष्ट्रीय तौर पर मनाया जाने



वाला दिवस है, अतः यह दिवस इसी दिन पूरे विश्व में मनाया जाता है। फादर्स डे प्रतिवर्ष जून के तीसरे रविवार को मनाया जाता है। पिता अपने परिवार के लिए प्रतिदिन कार्य करते हैं और उससे जो भी पूंजी प्राप्त होती है, वह परिवार के सुख के लिए लगा देते हैं। यदि आसान शब्दों में कहे तो पिता हमारे परिवार का एक महत्वपूर्ण आधार होता है, जो किसी भी तरह की समस्याओं से लड़ने के लिए तैयार रहते हैं। पिता के बारे में जितना कहे उतना कम है। पिता परिवार के महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक होते हैं। वह अपनी खुशियों का बलिदान देकर अपने बच्चों और परिवार की खुशियों का ध्यान रखते हैं। वह अपने बच्चों से प्यार भी करते हैं और बच्चे गलत कार्य करते हैं तो उन्हें डांटते भी है, अपने बच्चों के बेहतर भविष्य और खुशी के खातिर वे मेहनत करने से कभी नहीं कतराते हैं। इसलिए हर साल पिता के सम्मान के लिए पितृ दिवस मनाया जाता है। यह दिवस इसीलिए भी मनाया जाता है क्योंकि जिन लोगों के पिता नहीं होते हैं उन्हें पिता का महत्व तथा उनकी कमी का अनुभव ना हो। जिन लोगों के पिता की मृत्यु हो जाती है वह भी इस दिवस को बड़े अच्छे से मनाते हैं।

फादर्स डे मनाने के पीछे इसका एक महत्वपूर्ण इतिहास है। इस दिवस के मनाने का पहला आईडिया सोनोरा लौइस स्मार्ट डोड के दिमाग़ में आया। इन्होने ही पहली बार एक विशेष दिन अपने पिता विलियम स्मार्ट को विशेष रूप से सम्मानित करने की योजना बनायी। चूँकि यह अपने पिता को सम्मान देने की एक नयी प्रणाली थी, जिसमे क्रिएटिविटी को भी स्थान प्राप्त हो रहा था, इस वजह से यह दिन काफ़ी मशहूर हुआ और लोगों ने इस दिवस का मनाना औपचारिक रूप से शुरू किया। वर्ष 1966 में प्रेसिडेंट लिंडन जॉनसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे का आयोजन किया। इसके उपरान्त वर्ष 1972 में प्रेसिडेंट रिचर्ड निक्सन ने फादर्स डे को औपचारिक छुट्टी का दिन घोषित किया। वर्तमान में पूरे विश्व में जून के तीसरे रविवार को यह दिवस मनाया जाता है। इस साल पिता को सम्पर्पित यह खास दिन पितृ दिवस 19 जून 2022 को मनाया जाएगा।

माँ के बाद अगर कोई हमारे दिल के अत्याधिक करीब होता है, वो है हमारे पिता। पिता का प्यार माँ की तरह दिखता नहीं है, लेकिन पिता ही है जो हमें अंदर से मजबूत बनाते है, दुनिया में अच्छे बुरे की परख हमें पिता ही देते है। कहते है बेटियां अपने पिता के बहुत करीब होती है। बेटी हमेंशा अपने पिता जैसा जीवन साथी चाहती है। पिता के लिए उसकी बेटी हमेशा एक राजकुमारी होती है।

## ज्ञान की पूरी श्रंखला हैं वेद

आचार्य प्रशान्त

ज्ञान की एक पूरी श्रृंखला हैं वेद, और उनके केंद्र में ज्ञान मात्र है। किसी एक व्यक्ति द्वारा लिखी गयी वो किताब नहीं है। किसी एक इंसान या इंसानों के एक समूह, या दल, या समुदाय या सम्प्रदाय का वो प्रतिनिधित्व नहीं करती। किसी एक व्यक्ति का नाम उससे जोड़ा नहीं जा सकता। व्यक्ति आए, चले गए। इतने ऋषि उसमें वर्णित हैं, उनमें से कोई ऋषि हो न हो - एक ऋषि, सहस्त्रों ऋषि - वेदों का किसी व्यक्ति विशेष से कोई संबंध नहीं। तो ज्ञान की एक पूरी परंपरा है, ज्ञान की पूजा करते हैं। इसीलिए एक बड़े लंबे, विस्तृत कालखंड में पसरे हुए हैं वेद। एक दिन या दस दिन या सौ वर्षों में भी नहीं लिख दिए गए थे वेद। उनकी हज़ारों वर्षों की यात्रा है और चूँकि उनका संबंध ज्ञान से, बोध से है, व्यक्तियों से नहीं, इसीलिए उनको अपौरुषेय भी कहते हैं। कि किसी मनुष्य की कृति मत मान लेना इनको। मनुष्य मात्र की या मनुष्य विशेष की भी संपदा मत मान लेना इनको। वेदों की एक पूरी यात्रा है, इस यात्रा में बहुत उतार-चढ़ाव आते हैं, लेकिन वो यात्रा है निरंतर ऊर्ध्वगामी ही। वो नीचे से चलती है और एकदम ऊपर तक जाती है, ज्ञान का काम ही यही है। तो वेदों के आरंभ में आते हैं मंत्र, संहिताएँ जिनमें तमाम देवताओं का पूजन है, उन्हें संतुष्ट करके उनसे वरदान, आशीर्वाद आदि माँगा गया है, शत्रुओं का नाश माँगा गया है, अपने पालतू पशुओं की संख्या, स्वास्थ्य में वृद्धि और रक्षा माँगा गया है। जितनी भी आधिभौतिक और आधिदैविक आपदाएँ हो सकती हैं, उनके विरुद्ध सुरक्षा माँगी गई है और इसमें विशेषरूप से कुछ आध्यात्मिक नहीं है। हालाँकि ऋग्वेद के दशवें मंडल में बहुत कुछ ऐसा है जो आध्यात्मिक काव्य की श्रेणी में रखा जाना चाहिए लेकिन फिर भी कुल मिलाकर के वेदों का जो मंत्र भाग है उसमें प्रकृति पूजन ही अधिक पाया जाता है।

ये जो यात्रा है वेदों की, वो मंत्रों से आगे बढ़ती है। फिर ब्राह्मण आते हैं जो बताते हैं कि यज्ञ आदि में और तमाम तरह के अनुष्ठानों, कर्मकाण्डों में किस तरह की विधियों का और नियमों का पालन करना चाहिए। फिर आरण्यक आते हैं। आरण्यक आते-आते फिर बात और गहराने लगती है। अब जो प्रश्न हैं वो बाहरी संसार से हटकर भीतरी होने लग जाते हैं। और वही यात्रा फिर अपना पूर्ण विकास पाती है और अपना गंतव्य, अपना लक्ष्य भी पाती है उपनिषदों में। उपनिषदों में अब बात पूरे तरीके से आंतरिक हो गयी है। अब प्रकृति से कोई लेना-देना नहीं रहा। शुरुआत प्रकृति से हुई थी कि इंद्र से कुछ बात की जा रही है।

# सतत् व्यापक अधिगम एवं मूल्यांकन पद्धति से प्रतिभाओं को मिलेगा नया आयामः सुभाष शर्मा



### ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय,चल रहा तीन दिवसीय सीसीएलई प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**मुरैना।** लोक शिक्षण संचनालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा संचालित सतत् व्यापक अधिगम एवं मूल्यांकन पद्धति हाईस्कूल स्तरीय शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र शर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण और दायित्व वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। समापन बेला के मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र शर्मा मौजूद रहे व अध्यक्षता ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती आशा सिंह ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला शिक्षा विभाग के एडीपीसी रविन्द्र सिंह तोमर, एपीसी अम्बरीष शर्मा, और मुख्य प्रशिक्षक डॉ सुधीर आचार्य मंचासीन रहे। समापन सत्र के शुभारंभ में तीन दिवसीय सीसीएलई प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपलब्धियों का प्रतिवेदन मास्टर ट्रेनर डॉ सुधीर आचार्य ने प्रस्तुत किया। इसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र शर्मा ने कहा कि 21वीं शताब्दी की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जो मसौदा और स्केल तैयार किए गए हैं, उसके लिए सबसे पहले शिक्षकों का प्रशिक्षित होना जरूरी है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीआरजी टीम का नेतृत्व कर रहे प्रमुख मास्टर ट्रेनर डॉ सुधीर आचार्य और उनकी टीम सुजाता तोमर, अमिता शुक्ला, कविता सारस्वत, कल्पना गोयल, नीतू भारद्वाज, संदीप उपाध्याय, दीपक भोला, रविशकांत कटारे, योगेश शुक्ला, अंशुल शर्मा, विश्वनाथ गुर्जर और दुष्यंत तोमर ने अत्यंत प्रभावी तरीके से प्रशिक्षण दिया है। अब प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत आप सभी शिक्षकों का दायित्व है कि अपने अपने विद्यालय में सी सी एल ई के सभी स्कूल पर काम करें और बच्चों की प्रतिभा को निखारें, क्योंकि सतत व्यापक अधिगम मूल्यांकन पद्धति से विद्यार्थी के अंदर छिपी हुई हर तरह की प्रतिभा सामने आ सकेगी। इससे पूर्व छत्रपति शिवाजी सदन, रानी अहिल्याबाई सदन, महारानी लक्ष्मीबाई सदन और पंडित राम प्रसाद बिस्मिल सदन को विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन विश्वनाथ सिंह गुर्जर और कल्पना गोयल ने किया। आभार एपीसी अमरीश शर्मा ने व्यक्त किया।

## परीक्षा में अनुचित साधन का उपयोग वर्जित रहेगा: मिश्रा

### - प्रेक्षक रविन्द्र कुमार मिश्रा ने नील वर्ल्ड स्कूल का किया निरीक्षण

**मुरैना।** राज्य वन सेवा आयोग की परीक्षा के लिये प्रेक्षक रविन्द्र कुमार मिश्रा को नियुक्त किया है। उन्होंने परीक्षा के एक दिन पूर्व नील वर्ल्ड स्कूल का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री मिश्रा ने कहा कि परीक्षा में अनुचित



साधन का उपयोग वर्जित रहेगा। कहीं भी लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित केन्द्राध्यक्ष के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। इस अवसर नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, पुरातत्व अधिकारी अशोक शर्मा उपस्थित थे। प्रेक्षक श्री मिश्रा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के कक्ष क्रमांक 1 में ठहरें हुये है। लोकसेवा आयोग की परीक्षा 19 जून रविवार को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। परीक्षा के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई समस्या हो तो मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी पर सूचित कर सकता है। प्रेक्षक श्री मिश्रा की ई-मेल आईडी पर भी गोपनीय सूचना दे सकता है।

## पचौरी ने सबलगढ में वार्ड 2 से भरा नामांकन

**मुरैना।** नगरपालिका सबलगढ वार्ड 2 से भाजपा उम्मीदवार मोहन पचौरी ने नायब तहसीलदार रजनी बघेल के समक्ष नामांकन फॉर्म दाखिल किया।



इस अवसर पर नगर मन्डल अध्यक्ष अवधेश गोयल, जिला मंत्री विजय जादौन, नगर मण्डल महामंत्री पवन राठौर, युवामोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष सुनील कुशवाह, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष अरविंद सिंह जादौन, डॉ पदमसिंह जादौन आदि सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महापौर पद के लिये 6 नाम-निर्देशन पत्र प्राप्तः ममता, मीना ने पुनः नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया



**मुरैना।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 के लिये अंतिम दिन नगर निगम मुरैना के महापौर पद के लिये 6 नाम-निर्देशन पत्र कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफीसर बी.कार्तिकेयन को प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफीसर श्री रोशन कुमार सिंह मौजूद थे। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार महापौर पद के लिये आरती पत्नि संजय, रितिका पत्नि राजेन्द्र प्रसाद सोलंकी, ललिता पत्नि पवन जाटव, अनीता पत्नि हितेन्द्र चौधरी ने नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये, जबकि मीना पत्नि मुकेश और ममता पत्नि रमाकांत ने पुनः नाम-निर्देशन पत्र आज दाखिल किया। इस प्रकार महापौर पद के लिये अभी तक कुल 7 नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त हुये है।

# प्रॉपर्टी डीलर ने 900 वर्गफीट का एग्रीमेंट कराया, भवन मालिक को गुमराह कर 1012 वर्गफीट की रजिस्ट्री करा ली

### -सिटी कोतवाली व एसपी को आवेदन देकर बोला पीड़ित -साहब रोज धमकियां दे रहे हैं आरोपी

**मुरैना।** शहर की संजय कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति के मकान में 900 वर्गफीट जगह का सौंदा प्रॉपर्टी डीलर ने किया। आरोपियों ने 20 गुणा 45 वर्गफीट जमीन खरीदने का लिखित एग्रीमेंट किया, लेकिन रजिस्ट्री के वक्त भवन स्वामी को दूसरे दस्तावेज दिखाकर 22.5 गुणा 45 (1012) वर्गफीट जगह की रजिस्ट्री करा ली। अब आरोपीगण मकान स्वामी पर 22.5 गुणा 45 वर्गफीट जगह पर कब्जा लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने सिटी कोतवाली में 24 मार्च को सम्मुख प्रस्तुत होकर व एसपी आशुतोष बागरी को 6 जून को रजिस्टर्ड डाक से आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है लेकिन आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज नहीं हो सका है।

जानकारी के अनुसार शहर की संजय कॉलोनी में रहने वाले रामनाथ शर्मा पुत्र पुन्नीलाल शर्मा व उनके भाई जनवेद शर्मा के नाम पर 30 गुणा 45 वर्गफीट का मकान वीआईपी रोड पर स्थित है। भवन मालिक से प्रॉपर्टी डीलर सुरेंद्र सिंह उर्फ लालू पुत्र शंभूसिंह सिकरवार, धर्मेंद्र उर्फ रिंकू सिकरवार आदि ने 20 गुणा 45 वर्गफीट हिस्से का एग्रीमेंट 63 लाख रुपए में कर लिया। एग्रीमेंट के अनुसार प्रॉपर्टी डीलर ने एडवांस के रूप मे भू-स्वामी को 19 लाख रुपए नकद व बैंक खाते के माध्यम से दिए शेष रकम रजिस्ट्री होने के बाद देने की शर्त रखी। 17 दिसंबर 2021 को दोनों पक्षों के लोग रजिस्ट्रार ऑफिस में विक्रय पत्र संपादित करने के लिए पहुंचे तो प्रॉपर्टी डीलर ने भवन मालिक को जो दस्तावेज दिखाए, उसमें 20 गुणा 45 वर्गफीट जगह की रजिस्ट्री होने का जिक्र था। इसलिए उन्होंने गवाहों की मौजूदगी में विक्रय पत्र पर हस्ताक्षर भी कर दिए।

### धोखाधड़ी कर 22.5 गुणा 45 वर्गफीट की रजिस्ट्री करा ली


भू-स्वामी ने जब रजिस्ट्री की प्रमाणित प्रति निकलवाई तब उसे पता चला कि प्रॉपर्टी डीलर्स ने 20 गुणा 45 वर्गफीट के बजाय 22.5 गुणा 45 वर्गफीट की रजिस्ट्री करवा ली है। जब आरोपियों से इसके बारे में कहा तो उन्होंने कहा कि यह रजिस्ट्री तुमने की है। पहले रजिस्ट्री के अनुसार जगह दो नहीं तो खैर नहीं। इतना ही नहीं आरोपियों ने अभी तक भू-स्वामी को शेष 43 लाख की राशि भी अदा नहीं की है।

### कोतवाली पहुंचा मामला तो पेश नहीं हुए प्रॉपर्टी डीलर

पीड़ित भू-स्वामी ने इसकी शिकायत सिटी कोतवाली को लिखित रूप में दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को सामने बैठाकर पूछताछ के लिए प्रॉपर्टी डीलर को बुलाया भी लेकिन वे उपस्थित ही नहीं हुए। उक्त मामले में पुलिस ने अभी तक धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज नहीं की है। पीड़ित ने एसपी आशुतोष बागरी को भी 6 जून को रजिस्टर्ड डाक भेजकर आरोपियों पर एफआईआर की मांग की है।

## आज 17 केन्द्रों पर होगी राज्य सेवा एवं वन राज्य सेवा की परीक्षा

**मुरैना।** राज्य सेवा एवं वन राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2021 मुरैना जिले में 17 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा दो चरणों में की जायेगी, प्रथम चरण प्रातः 10 से 12 बजे तक द्वितीय चरण 2:15 से 4:15बजे तक होगा। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये मुरैना शहर में 17 परीक्षा केन्द्र बनाये है। इन परीक्षा केन्द्रों पर दो नोडल अधिकारी भ्रमण कर परीक्षा को सम्पन्न करायेंगे। जिसमें एमजी मेमोरियल हायर सेकेण्डरी स्कूल न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना, ऋषि गालव महाविद्यालय जौरा खुर्द एबी रोड़ मुरैना, इम्मानुअल हायर सेकेण्डरी स्कूल न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर रोड़ मुरैना, नील वर्ल्ड स्कूल टीआरपुरम मुरैना, पंडित श्यामचरण उपाध्याय विद्यालय जौरा रोड़ मुरैना, विक्टर कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल एबी रोड़ करूआ, शासकीय आईटीआई एबी रोड़ टेकरी, सेन्ट मेरी स्कूल एबी रोड़ मुरैना, एक्सीलेंस पीजी कॉलेज जौरा रोड़ मुरैना के लिये अनुविभागीय अधिकारी मुरैना श्री एसएल शाक्य को नियुक्त किया है। शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल गणेशपुरा मुरैना, गंगा पब्लिक स्कूल सब्जी मंडी रोड़ मुरैना, शासकीय वॉयस हायर सेकेण्डरी स्कूल पानी की टंकी गणेशपुरा मुरैना, शासकीय जीडी जैन हायर सेकेण्डरी स्कूल मुरैना, शासकीय कन्या महाविद्यालय मुरैना, शासकीय एमएलबी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल नंबर-1 गर्ल्स स्कूल रोड़ दत्तपुरा मुरैना, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बड़ोखर अम्बाह रोड़ मुरैना, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल मुरैना परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इन परीक्षा परीक्षा केन्द्रों के लिये नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन को नियुक्त किया है। कलेक्टर ने इन अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अपने साथ एक-एक वीडियोग्राफर लेकर प्रातः 8 बजे से परीक्षा केन्द्रों के लिये व्यवस्थायें सुनिश्चित करें।




## नगर निगम मुरैना के पार्षद पद पद हेतु शुक्रवार को 114 नाम-निर्देशन दाखिल हुरो

**मुरैना।** नगर निगम मुरैना के वार्ड क्रमांक 1 से 47 तक पार्षद पद हेतु 17 जून शुक्रवार को 114 नाम-निर्देशन प्राप्त हुये। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 1 से मिथलेश/सुभाष, वार्ड क्रमांक 2 से प्रीति/विनोद, उर्मिला देवी/रामदास, श्रीमती रजनी पत्नि नीलेश, ऊषा पत्नि दीवान, शशी पत्नि मेवाराम, वार्ड क्रमांक 4 से गिर्राज/दयाकिशन, बैनीराम/हंसराज, अरविन्द सिंह/फूलसिंह, सत्यदेव/रामहेत सिंह, वार्ड क्रमांक 5 से आयशा/राजकुमार, वार्ड क्रमांक 6 से सरस्वती महान/राहुल महान, रामरती/रमेश, वार्ड क्रमांक 7 से पूजा शुक्ला/पवन शुक्ला, मिथलेश/रणवीर, काजल यादव/गौरव यादव, सरोज/कल्याण, वार्ड क्रमांक 8 से वसंती/जगदीश, कलावती/रमेश, वार्ड क्रमांक 9 से चमेली/सुरेन्द्र सिंह, भारती/रंछोर, उर्मिला/धीरसिंह, वार्ड क्रमांक 10 से रेखा/वनवारी, प्रेमवती/रमेश, रिद्दी/अभिषेक, वार्ड क्रमांक 11 से नागेन्द्र/सिताव सिंह, गिर्राज/रामअवतार सिंह तोमर, वार्ड क्रमांक 12 से पिंकी/राजेन्द्र शर्मा, पूनम/पवन अग्रवाल, निशा/संजय, बबीता/उपेन्द्र सिंह, वार्ड क्रमांक 14 से रामवीर/रामसिंह यादव, गुड्डी/दशरथ, युवराज/रमेश, दिनेश/रामौतार राठौर, वार्ड क्रमांक 15 से मुन्ना/बदूल, शिवम/महेश दुबे, दिलीप/रामभरोषी राठौर, चतुर/सुमेर सिंह, वार्ड क्रमांक 16 से रवीकांत/लक्ष्मीनारायण गुप्ता, वार्ड क्रमांक 17 से कन्हैयालाल/पूरन सिंह, कोकसिंह पुत्र सुमेर सिंह यादव, वार्ड क्रमांक 18 से खुशबू/लोकेन्द्र सिंह, वार्ड क्रमांक 20 से कृष्णा/धर्मेन्द्र, राजकुमारी/धर्मेन्द्र, ज्योति/देवेन्द्र सिंह सोलंकी, वार्ड क्रमांक 21 से विजय/रामसेवक, मनोज/मुरारीलाल शर्मा, रविन्द्र/दर्शन सिंह, वार्ड क्रमांक 22 से आशा/अशोक, शायदा बानो/अरबाज खांन, वार्ड क्रमांक 23 से बबीता/श्रीगोपाल गुप्ता ने नाम-निर्देशन पत्र कलेक्टर बी.कार्तिकेयन एवं सहायक रिटर्निंग ऑफीसर रोशन कुमार सिंह को प्रस्तुत किये। इसी प्रकार वार्ड कमांक बतिया/केदार सिंह, पुष्पा/नरेश यादव, वार्ड क्रमांक 25 से अशोक कुमार/भगरीदास, वार्ड क्रमांक 26 से मनीष/मोतीराम, ब्रजेश/काशीराम, रामवीर सिंह/हरीलाल, निरंजन/आशाराम, वार्ड क्रमांक 27 से सुनील उपाध्याय/देवीराम, ब्रजेश/ग्याराम सिंह डंडोतिया, पूजा/संजीव शर्मा, वार्ड क्रमांक 28 से राजू/भरोषीलाल, नरेश/अतर सिंह, मुरारी/गंगाराम, वार्ड क्रमांक 29 से नर्मदा/रामलखन, चमेली देवी/बलवीर, महादेवी/बैजनाथ सिंह, वार्ड क्रमांक 30 से मनी/नरोत्तम, सीमा/महावीर माहौर, कलावती/हीरालाल, लक्ष्मी/बैजनाथ, महादेवी/बैजनाथ सिंह, गीता/हरीसिंह, वार्ड क्रमांक 31 से दिनेश/पीतम सिंह तोमर, अनूप/रामकृष्ण, उमेश/अमृतलाल यादव, वार्ड क्रमांक 32 से रेखा/रामनरेश, वार्ड क्रमांक 34 से मीना सिंह/गर सिंह सिकरवार, गिर्राज/रामप्रसाद प्रजापति, वार्ड क्रमांक 35 से नीरज/भरोषीलाल, प्रमोद/रूपसिंह यादव, वार्ड क्रमांक 36 से नर्मदा/भूपेन्द्र सिंह, संध्या/शेलेन्द्र, मुबीना खांन/सब्बीर खांन, वार्ड क्रमांक 37 से रचना/शेलेन्द्र, शिशुपाल सिंह यादव/उम्मेद सिंह, भरत सिंह/जगन्नाथ सिंह, महेन्द्र सिंह/मिश्री लाल और वार्ड क्रमांक 47 से मोतीराम/मोहनलाल, पुष्पा/उत्तम मित्तल, रामदास/श्यामलाल, संजय/हरिराम लेखरे, केशव सिंह/बद्रीप्रसाद ने नाम-निर्देशन पत्र अपर कलेक्टर न्यायालय में शुक्रवार को प्रस्तुत किये।

# भाजपा विकास व जनकल्याण के नाम पर लड़ेगी चुनावः तोमर





### -महापौर प्रत्याशी मीना जाटव ने केंद्रीय मंत्री के साथ पहुंचकर भरा नामांकन

**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी हमेशा से अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करती आई है और इस बार पार्टी ने भोपाल, ग्वालियर एवं मुरैना में सामान्य कार्यकर्ता को महापौर का टिकट देकर इस अवधारणा को सच किया है कि भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान हमेशा रहेगा। यह बात केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने श्रीमती मीना मुकेश जाटव का नामांकन भरने के बाद पत्रकारों से कही। नामांकन भरने जाते समय महापौर प्रत्याशी मीना मुकेश जाटव के साथ पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता, पिछडा बर्ग वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज कंषाना सहित अन्य वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। श्री तोमर ने कहा कि न्यू कलेक्ट्रेट, शहीद पार्क, बिस्मिल संग्रहालय का निर्माण, चंबल से पानी लाने की योजना सहित गली मोहल्ले में घर-घर सीवर का कनेक्शन देने का काम भाजपा सरकार में हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने ही मुरैना को नगर निगम बनाया और ज्यादा से ज्यादा जनता को लाभ मिले तथा शहर का विकास हो ऐसी भाजपा की सोच है। उन्होंने कहा कि श्रीमती मीना जाटव एक सामान्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं और भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता रही है।

# जिला प्रेस क्लब का वार्षिक सम्मेलन: अपने हितों की रक्षा के लिए पत्रकार एकजुट हों: अध्यक्ष राकेश राय

### 50 साल पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रपति रहे डॉ. शंकरदयाल शर्मा ने रखी थी नींव-रघुवर गोहिया

**सीहोर।** जिला प्रेस क्लब जिले का सबसे पुराना और पंजीकृत है। इसमें शामिल सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती व पत्रकार के हित के लिए काम कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि पत्रकार कोई भी उसको सम्मान मिलना चाहिए। अगर कोई साथी संकट में है या उसे प्रताड़ित किया जा रहा है तो एकजुट होकर उसकी मदद करें। साथ ही शहर मे पत्रकार भवन और पत्रकार कालोनी के निर्माण आदि को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की जाएगी। उक्त विचार शहर के क्रिसेंट रिसोर्ट में आयोजित जिला प्रेस क्लब के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्लब के जिलाध्यक्ष श्री राकेश राय ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जो भी प्रेस क्लब का सदस्य है उसको वाटर पार्क, क्रिसेंट रिसोर्ट में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि पंडित रामचंद्र मिश्र इंजीनियर बाबा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है इसलिए सभी पत्रकार बंधु एकजुट रहें। विशेष अतिथि भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सचिव श्री रघुवर दयाल गोहिया ने बताया कि जिला प्रेस क्लब का गौरवशाली इतिहास रहा है। सन 1970 के दशक में खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब की नींव रखी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्व. श्री उमराव सिंह ने की थी और विशेष अतिथि में रूप में पूर्व विधायक और वरिष्ठ पत्रकार स्व. हरिकृष्ण




सिंह मौजूद थे। जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष के रूप में स्व. हरिकृष्ण सिंह, स्व. अंबादत्त भारतीय, स्व. श्री ऋषभ गांधी, रघुवर गोहिया, और स्व. स्वरूप सिंह राठौर आदि धाकड़ पत्रकार इसका दायित्व संभाल चुके हैं। अब फिर जिला प्रेस क्लब का नेतृत्व कुशल हाथों में आया है। हमें भरोसा है कि अब पत्रकारों के हित में बेहतर कार्य हो सकेंगे। दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ और वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप समाधिया ने कहा कि श्री राकेश राय के रूप में हमे एक सशक्त अध्यक्ष मिला है। अब जिले भर में पत्रकार एकजुट होंगे। नवदुनिया के ब्यूरो चीफ अखिलेश गुप्ता ने कहा कि वह लिखने वाले व्यक्ति हैं। बोलना कम आता है। फिर भी इतना जरूर कहूंगा कि काफी समय के बाद जिला प्रेस क्लब का अध्यक्ष एक सही व्यक्ति को बनाया गया है। कार्यक्रम को सर्व श्री शैलेंद्र श्रीवास्तव, मो. परवेज खान, संतोष सिंह ने भी संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत पत्रकार धर्मेन्द्र यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मेलन में सभी पत्रकार साथियों ने श्री राकेश राय और इंजीनियर बाबा का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पाहार से सम्मान किया। इस अवसर पर शहर सहित नसरुल्लागंज, इछावर, रेहटी, बुधनी, श्यामपुर ब्लाक, इछावर, जावर ब्लाक के पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने सामंत सिंह तोमर को मिठाई खिला करके निकट भविष्य के लिए शुभकामनायें दी

**पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना ।** सामंत सिंह तोमर के निज निवास न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना मे मान्यनीय केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर साहब भूतपूर्व दिमनी विधायक श्री



शिवमगल सिंह तोमर जी जौरा विधायक श्री सूबेदार सिंह सिकरवार जी जिलाध्यक्ष भाजपा योगेशपाल गुप्ता जी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनू परमार जिला महामंत्री श्री अरविन्द सिकरवार जी आदरणीय कृषि मंत्री जी ने सामंत सिंह तोमर जी को मिठाई खिला करके निकट भविष्य के लिए शुभकामनायें दी और विक्रम सिंह तोमर ( विक्की ) आत्मज़ श्री सामंत सिंह तोमर अपने पास बैठा कर स्नेहिल आशीर्वाद दिया

### भदोरिया द्वारा शुरू किया गया जनसंपर्क अभियान



**पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी /** कापरेटिव बैंक भिण्ड , जनपद पंचायत एवं कृषि उपज मंडी समिति मेहगाव के पूर्व अध्यक्ष के.पी.सिंह भदौरिया ने जिला पंचायत भिण्ड के वार्ड क्र.13 सुकाण्ड के जिला पंचायत सदस्य पद हेतु सेकड़ा समर्थको के साथ ग्राम कोट, परोसा के जादौन का पुरा, तोमर का पुरा, चौहान का पुरा, जिलेदार सिंह का पुरा, गुबरेले का पुरा ,बदन सिंह का पुरा, नहार सिंह का पुरा, बघेल का पुरा, हरीछा इत्यादि में जनसंपर्क कर पुत्रवधु कामना सुनील सिंह भदौरिया को सदस्य पद हेतु चुनाव चिन्ह छाता के निशान पर मुहर लगाकर भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील कर देवतुल्य जनता जनार्धन से आशीर्वाद प्राप्त किया 7

## प्रतीक शर्मा नानू ने किया अपना पर्चा दाखिल भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-अभी हाल ही में जारी हुई भारतीय जनता पार्टी की नगर पालिका परिषद की सूची में वार्ड क्रमांक 36 से प्रतीक शर्मा 36 को भारतीय जनता पार्टी ने अपना प्रत्याशी मनोनीत किया है प्रतीक शर्मा नानू भारतीय जनता पार्टी के काफी लंबे समय से सक्रिय सदस्य हैं और इनके द्वारा अपने क्षेत्र के लोगों के कई सारे कार्य सरकारी योजनाओं के माध्यम से कराए गए हैं उनके द्वारा पूर्व में भारतीय जनता पार्टी में वार्ड नगर जिला इन सभी में कई प्रकार के दायित्वों का इन्होंने निर्माण किया है वर्तमान



में भाजपा नगर मंडल से कोषाध्यक्ष हैं और श्रीमंत महाराज साहब के काफी विश्वसनीय होने के कारण और संगठन में समर्पण के कारण इनको इस बात भाजपा ने वार्ड क्रमांक 36 से अपना प्रत्याशी चुना है वार्ड क्रमांक 36 में यह पूर्व में पालक संयोजक रहे चुके हैंवार्ड क्रमांक 36 में यह पूर्व में पालक पालक रह चुके हैं इनसे हुई चर्चा में उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जनता और उनकी समस्या इन की खुद की समस्याएं हैं और उन समस्याओं को निराकरण करने के लिए यह तत्पर हैं वार्ड के निवासियों से इनका निवेदन है कृपया इस बार इनको सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें।

## जिला अस्पताल पर चलाया गया मलेरिया डेंगू जागरूकता अभियान

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** प्रतिवर्ष जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है जिसके तहत वर्षा ऋतु के पहले मच्छरों की पैदाइश को नियंत्रण करने तथा मच्छरों से होने वाली बीमारियां जैसे मलेरिया व डेंगू के नियंत्रण की दिशा में विभिन्न माध्यमों से प्रयास किए जाते हैं।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.संजय ऋषिवर एवं मलेरिया सलाहकार डॉ.राजेश वर्मा के निर्देशन में एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया व जिला स्वास्थ समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक जून से जागरूकता अभियान शुरू किया गया है, जिसके चलते शनिवार को जिला अस्पताल पर प्रदर्शनी के माध्यम से अस्पताल पर आए हुए आमजन को मलेरिया व डेंगू से बचाव के संदेश दिए। इस अवसर पर जिला समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया एंबेड परियोजना दीपक जौहरी ने आमजन से अपील की है मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम हेतु अपने घरों के आसपास पानी को जमा न होने दें। घर के पानी के बर्तनों को लगभग 7 दिन में खाली करें व सुखाकर भरे। बुखार आने पर तुरंत खून की जांच कराएं, इसी के साथ जिला अस्पताल में लार्वा सर्वे एवं विनिष्ट्रीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में एंबेड टीम के सदस्य प्रोग्राम एसोसिएट विवेक और बीसीसीएफ़ महेश, रियाज, हरगोविंद, पवन सभी का महत्पूर्ण योगदान रहे

## जुआ की फड़ पर कोतवाली पुलिस का छापा,थाना प्रभारी विजय सिंह तोमर की कार्यवाही

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**




**दतिया-** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देश पर दतिया कोतवाली पुलिस की छापामार कार्यवाही।इस दौरान हारजीत का दाव लगते 10 जुआरियों को कोतवाली थाना प्रभारी विजय सिंह तोमर ने किया गिरफ्तार।पुलिस ने मुख़बिर की सूचना पर से रिछरा फाटक पर एक मकान में जुआ खेल रहे 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के मुताबिक काफी दिन से जुआ खेलने की मिल रही थी शिकायत।जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने 18 हजार 600 रुपए की नगदी भी जब्त कर ली है।एक ताश की गड्डी भी जुआरियों के कब्जे से पुलिस ने बरामद कर ली है।पुलिस कप्तान अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर कोतवाली टीआई विजय सिंह तोमर,सबइंस्पेक्टर आकाश संसिया व कोतवाली टीम की कार्यवाही।यहां बताना मुनासिब होगा कि थाना प्रभारी विजय सिंह तोमर अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के किये काफी काफी सख्त माने जाते हैं।

### शिवपुरी जिले की नवगठित नगर: पार्षद पद की एस सी की सीट वार्ड नंबर 2 से रणवीर सिंह पिता दशरथ सिंह परिहार

**पुष्पांजली टुडे**



**रन्नौद।** ग्राम डग पिपरी द्वारा फार्म भरा गया है शुक्रवार को रन्नौद तहसील में वार्ड नंबर 2 से अपना नामांकन दाखिलकिया हैं नगर परिषद रन्नोद में मतदाताओं की संख्या 10898 जिसमें वार्ड संख्या में अलग-अलग संख्याओं के माध्यम से पार्षद पद के उम्मीदवार नामांकन दाखिल किए हैं विकास को देखते हुए एक और वार्ड नंबर 8 से नामांकन दाखिल किया गया है श्रीमती प्रियंका पति राम कृष्ण ओझा के द्वारा आज रन्नोद में नगर परिषद द्वारा कई भागों में नामांकन फार्म दाखिल किए गए हैं नवगठित नगर पार्षद रन्नौद द्वारा आज नामांकन दाखिल किए गए हैं

### सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष सीएल गहलोत से मिले मोहनपुरा बस्सी के युवा नेता अनिल सैनी

**पुष्पांजली टुडे**

इस अवसर पर अनिल सैनी ने जिलाध्यक्ष को आरक्षण संघर्ष समिति में भागीदारी निभाने को लेकर निवेदन किया और कहां आरक्षण संघर्ष समिति के अंदर जब तक बड़े बिजनेसमैन शिक्षित लोग नहीं



आएंगे तब तक हम हमारे आरक्षण संघर्ष समिति के नेतृत्व को कमजोर समझेंगे जिससे हमें नुकसान हो सकता है इस दौरान सीएल गहलोत ने फुले सेना अध्यक्ष और अनिल सैनी को आश्वासन दिया कि आप निश्चिंत रहें तैयार रहें हम आपके साथ हैं अगर आगे समाज हम से यह उम्मीद लगाए बैठे हैं तो निश्चित रूप से हम आरक्षण संघर्ष समिति का नेतृत्व करने को तैयार है

### महेंद्र मुणोत ने अपने माता पिता की दी हुई सीख को किया ग्राम वासियों के साथ साझा

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली** ~-श्री जैन संघ लांबिया के तत्वावधान में बनने जा रहे भगवान महावीर जैन भवन का भूमि पूजन भवन के संपूर्ण लाभार्थी परिवार विमलाबाई मोतीलाल मुणोत के पुत्र महेंद्र मुणोत ने अपने माता पिता की दी हुई सीख को ग्राम वासियों के साथ साझा करते हुए कहा की जब मैं दिसावर गया तब माता-पिता ने कहा बेटा तू कर्म भूमि



मैं जो अर्जन करता है वहां के लोगों के प्रति विसर्जन की भावना भी रखना वहां की संस्कृति एवं भाषा का सम्मान करना तो वहां के लोग तुझे अपनाएंगे लेकिन जीवन में जन्मभूमि एवं मातृभाषा को कभी मत भूलना जन्मभूमि के तुझ पर अनंत उपकार है दिसावर में तेरे सपने हैं लेकिन तेरे गांव में तेरे अपने हैं तब से मन में एक भावना बनी रहती है कि गांव के लिए कुछ करना है और जब भी अवसर मिलता है गांव की सेवा करके हम अपने आप को धन्य मानते हैं ग्राम वासियों ने खुशी व्यक्त कर गांव के लाल को आशीर्वाद दिया।

## खेलो से होगा चरित्र का निर्माण




**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**ग्वालियर।** क्रीड़ा भारती मध्य क्षेत्र की बैठक का शुभारंभ रानी लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षण संस्थान ग्वालियर में संपन्न हुआ क्षेत्र बैठक के उद्घाटन सत्र में क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय महामंत्री माननीय राज चौधरी जी , प्रसार जी महानकर राष्ट्रीय संगठन मंत्री, भीष्म सिंह राजपूत क्षेत्र संयोजक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया राष्ट्रीय संगठन मंत्री द्वारा मध्य भारत प्रांत, महाकोशल, मालवा, छत्तीसगड़ प्रांत के कार्य विस्तार की चर्चा की गई राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रसाद जी महानकर द्वारा कार्यकर्ताओं से चर्चा के दौरान कहा गया कि क्रीड़ा भारती द्वारा समाज को स्वस्थ बनाने के लिए किस प्रकार का योगदान दे सकते है हम योग एवं खेलो के माध्यम से समाज को स्वस्थ्य बना सकते है समाज के प्रत्येक वर्ग को किसी न किसी खेल से जोड़कर स्वस्थ समाज की कल्पना को मूर्ति रूप देना क्रीड़ा भारती का उद्देश्य है खेलो से चरित्र का एव चरित्र से राष्ट्र का निर्माण हो संगठन कार्य विस्तार की दृष्टि से क्षेत्र संयोजक भीष्म सिंह राजपूत जी द्वारा कुछ नवीन दायित्व की घोषणा की गई जिसमे मध्य भारत प्रांत से एस पी श्रीवास्तव प्रांत सह कोषाध्यक्ष, मुकेश गुर्जर प्रांत क्रीड़ा केंद्र प्रमुख, शिवा देवी राठौर प्रांत मातृशक्ति प्रमुख, अमित गौतम प्रांत योग प्रमुख, दीपक शिंधे प्रांत कार्यालय प्रमुख, अविशेष जी विभाग




संयोजक ग्वालियर, इसी प्रकार छत्तीसगड़ प्रांत से हर्षा साहू प्रांत सह मंत्री, छगल प्रांत योग प्रमुख, पूनम मिश्रा मातृशक्ति प्रमुख, क्षत्रपाल साहू क्रीड़ा केन्द्र प्रमुख, पंकज चौधरी प्रांत प्रचार प्रमुख, सतीश यादव दिव्यांग प्रमुख, शोर्य सोनी कोष प्रमुख तथा अन्य दायित्व पूर्व के अनुसार ही रहेंगे इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष दीपक सचेति जी , छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष संजय शर्मा जी , मालवा प्रांत मंत्री हरिश जी एवं क्रीडा भारती के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**सभी दलों और प्रत्याशियों की महिला मतदाताओं पर है खास नजर**

# चुनाव में जीत का आधार बनेंगी महिलाएं

**भोपाल।** प्रदेश में हो रहे सभी तरह के चुनावों में महिलाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं. वे जीत में बड़ा फैक्टर साबित हो रही हैं. उनका वोट प्रतिशत लगातार बढ़ा है। इस बार भी प्रदेश में हो रहे पंचायत चुनावों में महिलाएं जीत में अहम भूमिका निभाएंगी. इसलिए सभी दलों और उनके प्रत्याशियों की महिला वोटर्स पर खास नजर है। बीजेपी जहां महिलाओं को जीत का प्रतीक बता रही है, तो वहीं कांग्रेस का कहना है कि महिलाएं ही लोकतंत्र को जिंदा रखे हुए हैं. वोटिंग के लिए महिलाएं केवल शहरों में ही नहीं, बल्कि गांवों में भी घरों से बाहर निकल रही हैं।



जानकारी के मुताबिक, मध्य प्रदेश में साल 2005 के बाद से मतदान में महिलाओं का प्रतिशत लगातार बढ़ा है. साल 2005 के बाद से महिलाओं ने पुरुष मतदाताओं की तरह ही वोटिंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है. साल 2014-15 के चुनाव में महिला मतदाताओं ने वोट प्रतिशत के मामले में पुरुष मतदाताओं की बराबरी की कर ली. साल 2004-05 में पुरुष मतदाताओं का वोट प्रतिशत 78.84त्न तो महिला मतदाताओं का वोट प्रतिशत 74.58% रहा. 2009-10 में पुरुष मतदाताओं का वोट प्रतिशत 81.7%रहा तो महिला मतदाताओं का वोट प्रतिशत 79.21% रहा. साल 2014-15 में पुरुष मतदाताओं का वोट प्रतिशत 83.59% रहा तो महिला मतदाताओं का वोट प्रतिशत 83.17 प्रतिशत रहा।

## पार्टियों की महिलाओं पर विशेष नजर

मध्य प्रदेश के चुनावों में महिलाओं के बढ़ते वोट प्रतिशत को लेकर बीजेपी का कहना है कि मोदी सरकार आने के बाद लगातार महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाएं चल रही हैं. महिलाएं जीत में बड़ा फैक्टर हैं. उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों में हुए चुनावों में महिलाओं ने ये बात साबित भी की है. महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ना बीजेपी के लिए शुभ है. वहीं, कांग्रेस का कहना कि महिलाएं अब जागरूक हो रही हैं. वे ग्रामीण इलाकों में बाहर निकलने का साहस कर रही हैं. महिलाएं वोट बैंक नहीं हैं, बल्कि सही फैसला लेने की शक्ति दिखा रही हैं. महिलाओं के चलते ही लोकतंत्र जिंदा है. ये बयान बताते हैं कि सभी पार्टियों की चुनावों में महिलाओं पर विशेष नजर है।

### कुछ इस तरह है वोट परसेंटेज

| साल | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता |
|---|---|---|
| 2004-04 | 78.84% | 74.58% |
| 2009-10 | 81.7% | 79.21% |
| 2014-15 | 83.59% | 83.17% |



## सोनिया गांधी के स्वास्थ्य लाभ की कामना से महाकाल में महामृत्युंजय अनुष्ठान

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना से महामृत्युंजय अनुष्ठान कराया जा रहा है। शनिवार सुबह महाकाल मंदिर के गर्भगृह में भगवान महाकाल के अभिषेक पूजन के साथ 11 दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत हुई।

बताया जाता है अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर प्रियंका गांधी शामिल होंगी। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी कोरोना से पीड़ित हैं। दिल्ली में उनका उपचार किया जा रहा है।

सोनिया गांधी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रियंका गांधी ने प्रदेश कांग्रेस तथा शहर के स्थानीय कांग्रेसी नेताओं को महाकाल मंदिर में अभिषेक पूजन व महामृत्युंजय अनुष्ठान कराने का अनुरोध किया था। उसके बाद शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल स्थानीय नेता रवि शुक्ला, रघु परमार आदि ने भगवान महाकाल की पूजा अर्चना कराकर महामृत्युंजय अनुष्ठान की शुरुआत कराई 11 दिन तक 51 ब्राह्मण सोनिया गांधी के स्वास्थ्य लाभ के लिए महामृत्युंजय जाप करेंगे।

## योग दिवस पर शैक्षणिक संस्थाओं में होंगे योग सत्र

**भोपाल।** योग दिवस पर 21 जून को प्रदेश में शैक्षणिक संस्थाओं में भी योग सत्र होंगे। आयोजन के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक संस्थाओं के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। योग सत्र में कक्षा-7 से 12 तक के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। साथ ही आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथिक तथा एलोपैथिक प्रायवेट एवं सरकारी मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, पशु चिकित्सा महाविद्यालय,इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलोजों के साथ अनेक शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। योग सत्र में एनएसएस, एनसीसी केडेट्स, पुलिसकर्मी, स्वैच्छिक संगठन, वाणिज्यिक और औद्योगिक संगठन के साथ आम नागरिकों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। सत्र में दिव्यांगों की भागीदारी के लिये व्यवस्थाएँ किये जाने के निर्देश दिये हैं।

# जो टैक्स जमा नहीं करते थे अब लगे हैं लाइन में, 5 दिन में 40 लाख जमा

**जबलपुर।** बाकी किसी के अच्छे दिन आए हों या नहीं, नगर निगम के तो अच्छे दिन आ गए हैं. उसका खजाना भर गया है। नगर निगम चुनाव के कारण उसके खाते में लाखों रुपये आ गए हैं. चुनाव आयोग के एक नियम ने उन लोगों को कर दाताओं की कतार में खड़ा कर दिया है जो कभी टैक्स जमा ही नहीं करते थे. अब नामांकन पत्र भरने के लिए लगी होड़ में प्रत्याशी अपने बकाया कर जमा कर रहे हैं और निगम का खजाना भर रहे हैं। तसल्ली कीजिए कि नगर निगम के चुनाव आ गए हैं. कम से कम नगर निगम जबलपुर के ज़िम्मेदार तो इस बात की तस्दीक कर सकते हैं. शहर के 79 वार्डो में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव के लिए पार्षद पद की दावेदारी ने निगम के खज़ाने को भर दिया है।

आंकड़ों के मुताबिक बीते पांच दिन में नगर निगम के प्रत्येक वॉर्ड से औसत 20 से 25 दावेदारों ने एनओसी ली है. इससे निगम को अतिरिक्त 40 लाख से अधिक की आमदनी हुई है. जबलपुर का नगर निगम टैक्स वसूली के मामले में हमेशा से पिछड़ा साबित हुआ है. साल दर साल टारगेट तो बढ़ जाता है




लेकिन नगर निगम का खजाना नहीं बढ़ पाता. मध्यप्रदेश में नगरी निकाय चुनाव ने नगर निगम के भी अच्छे दिन ला दिए हैं. वह लोग भी अपना टैक्स जमा कर रहे हैं जिनसे टैक्स वसूली नगर निगम के अधिकारियों के लिए टेढ़ी खीर साबित होती थी।

### चुनाव आयोग ने ईमानदार बना दिया

टैक्स जमा करना हर नागरिक का प्रथम कर्तव्य है. लेकिन इसके बावजूद लोग टैक्स जमा नहीं करते. नगर निगम को हर साल टैक्स वसूली में पसीने छूट जाते हैं. जो टैक्स जमा नहीं करते हैं वह अमूमन अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करते हैं. इसलिए निगम के अधिकारी खाली हाथ खड़े रहते हैं. चुनाव ने उन लोगों को भी टैक्स जमा करने के लिए मजबूर कर दिया है जो कभी ईमानदारी से अपना टैक्स नहीं देते।

### काम आयी निर्वाचन आयोग की तरकीब

चुनाव मैदान में उतरने के लिए निर्वाचन आयोग ने नगर निगम की एनओसी अनिवार्य की है. उस प्रत्याशी को एनओसी नहीं मिलेगी जिसके ऊपर निगम का किसी भी तरह का बिल बकाया है. इसलिए प्रत्याशी अब खुद ब खुद नगर निगम में जाकर अपना संपत्ति कर, जल कर, डोर टू डोर टैक्स जैसे तमाम कर पूरी ईमानदारी के साथ जमा कर रहे हैं. नगर निगम के राजस्व अधिकारियों का कहना है पिछले तकरीबन 7 दिन में नगर निगम में 40 से 50 लाख रुपये बड़ी ही आसानी से जमा हो गए. जो लोग चुनाव मैदान में उतर रहे हैं वह सालों से लंबित अपना टैक्स जमा कर एनओसी हासिल कर रहे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 को मनाया जाएगा

**भोपाल।** नशीले पदार्थो के दुरूपयोग और अवैध व्यापार के विरूद्ध 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र परिषद् की साधारण सभा द्वारा 1987 को पारित संकल्प में की गई घोषणा अनुसार 26 जून नशीले पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध व्यापार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य उन प्रभावों को सशक्त करना है, जिससे नशीले पदार्थों व नशीली दवाइयों से मुक्त समाज का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर जिला स्तरीय संबंधित विभागों स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, परिवहन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, नगरीय प्रशासन एवं विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस, जेल, खेल और युवा कल्याण विभाग तथा अशासकीय संस्थाओं को कार्यक्रम में सहभागी के निर्देश दिये गये है।



## भाजपा प्रत्याशी भार्गव का नामांकन भरवाने शिवराज सिंह और वीडी शर्मा इंदौर पहुंचे

**इंदौर।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा नामांकन भरने का आज अंतिम दिन है। बीजेपी महापौर पद के प्रत्याशी पुष्यमित्र भार्गव ने नामांकन भरने से पहले सहपरिवार खजराना गणेश की पूजा अर्चना की एवं आशीर्वाद लिया।

इसके बाद पुष्यमित्र भार्गव ने सपरिवार इंदौर के प्राचीन हरसिद्धि मंदिर पहुंचकर मां का आशीर्वाद लिया। पुष्यमित्र भार्गव आज नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं। वह राजवाडा से रैली के रूप में कलेक्टर आफिस पहुंचेंगे। रैली में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी शामिल होंगे।

## पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति रोकी तो होगी कार्रवाई

**भोपाल।** त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के दौरान शहर में पंपों पर डीजल-पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। फिर भी पिछले कुछ दिनों से तेल कंपनियों ने पेट्रोल- डीजल की आपूर्ति लगभग 40 फीसद तक घटा दी है। इस वजह से शहर के पंप हर दिन खाली हो जाते हैं। इसी के चलते जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अविनाश लवानिया ने डीलरों के साथ बैठक की और उन्हें निर्देश दिए हैं कि चौबीस घंटे पेट्रोल-डीजल की




आपूर्ति नहीं की तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, आवश्यकता होने पर एस्मा लगाया जाएगा। बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक ज्योतिशाह नरवरिया, पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव नकुल शर्मा सहित अन्य डीलर मौजूद थे।

### सुबह सात से रात 11 बजे तक करें आपूर्ति

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि रिलायंस कंपनी के डिपो को सुबह सात बजे से रात 11 बजे तक पेट्रोल-डीजल के टैंकर में आपूर्ति करें। इससे सभी कंपनियों के पेट्रोल के टैंक पूरी तरह से भरे जा सकें और पंपों पर आपूर्ति हो सके। नायरा कंपनी के पंप में चौबीस घंटे पर्याप्त संख्या में डीजल-पेट्रोल उलपब्ध कराएं और आपूर्ति की जाए। उन्होंने बैठक में मौजूद डीलरों से कहा कि इन निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है तो उनके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विभिन्न नियंत्रण आदेशों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए आपूर्ति नियंत्रक नरवरिया को कहा गया है। इसी तरह जिओ कंपनी के पंप पर भी टैंक की क्षमता अनुसार पेट्रोल-डीजल का भंडारण किया जाए। इसके लिए कंपनी के विक्रय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## पोषण आहार में गड़बड़ी करने वालों को ठेका देने पर निर्णय ले सकेंगे कलेक्टर

**भोपाल।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पूरक पोषण आहार वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में उन्हीं स्व-सहायता समूहों को फिर से ठेका देने की तैयारी है, जिनके खिलाफ शिकायतें हुई हैं या जो गड़बड़ी में लिप्त पाए गए हैं। कलेक्टर ऐसे मामलों की सुनवाई करेंगे और ठेका देने का फैसला ले सकेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग ने कलेक्टरों को यह स्वतंत्रता देते हुए निर्देश जारी कर दिए हैं। यह व्यवस्था जुलाई से लागू की जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आजीविका मिशन के तहत संचालित स्व-सहायता समूह पोषण आहार तैयार कर रहे हैं। यही व्यवस्था शहरी क्षेत्र में लागू की गई है पर शहरों में अब भी ठेकेदार ही व्यवस्था संभाले हुए हैं। विभाग



के आला अधिकारियों तक यह मामला पहुंच चुका है। गड़बड़ी की कई शिकायतें भी हैं।

ऐसे में गड़बड़ी करने वाले समूहों को एक और मौका देने की तैयारी है। विभाग ने अपने निर्देश में साफ कहा है कि पोषण आहार उपलब्ध कराए जाने की निरंतरता और अनियमितता संबंधी शिकायतों की स्थिति में कलेक्टर संबंधित का पक्ष सुनेंगे और स्वीकृति देंगे।उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्रों में पोषण आहार का काम कर रहे स्व-सहायता समूहों की अनुबंध अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए नए सिरे से अनुबंध किया जाना है। ऐसे में यह निर्देश दिए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग का तर्क है कि पांच मई 2021 नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने समूहों से पोषण आहार लेने का अनुबंध किया था। उसमें अच्छा काम करने वाले समूहों की अनुबंध अवधि बढ़ाने का उल्लेख नहीं है। इसलिए अब नया प्रस्ताव जाएगा। जिसके तहत समूहों का चयन होगा।

## खिवनी अभयारण्य के लिए 25 चीतल रवाना किए

**भोपाल।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल से 25 चीतल खिवनी अभयारण्य देवास वन मंडल भेज दिए गए हैं। वन विहार उद्यान संचालक एच.सी. गुप्ता ने बताया कि गुरूवार को भेजे गए 9 नर और 16 मादा चीतल शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि वन विहार खिवनी अभयारण्य के लिए 100 चीतल ट्रांसलोकेशन किया जाना है। इन्हें मिलाकर अब तक 70 चीतल का ट्रांसलोकेशन किया जा चुका है।

## पंचायत सचिव की तीन पत्नियां, तीनों लड़ रही हैं चुनाव

**सिंगरौली।** सिंगरौली में एक पति की तीन पत्नियां एक साथ चुनावी मैदान में हैं. यह पति कोई आम आदमी नहीं, बल्कि सरकारी कर्मचारी है। दो सरपंच पद के लिए एक-दूसरे के सामने हैं, तो एक ने जनपद सदस्य का चुनाव लड़ा है। पूरा मामला सिंगरौली जिले के देवसर जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पीपरखाड़ का है. सरकारी नौकरी और पत्नियों के दबाव से शख्स फिलहाल गांव से




फरार है। सिंगरौली की पीपरखाड़ ग्राम पंचायत का किस्सा सबसे अलग है. दरअसल, कटहदा में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव सुखराम गौड़ की तीन पत्नियां पीपरखाड़ ग्राम पंचायत से चुनाव मैदान में हैं. पहली पत्नी कुसुम कली सिंह और दूसरी पत्नी गीता सिंह एक ही ग्राम पंचायत में सरपंच पद की दावेदार हैं, तो तीसरी पत्नी उर्मिला सिंह देवसर के वार्ड क्रमांक 13 से सदस्य पद के लिए प्रत्याशी है।

## 31 बच्चों को बालश्रम से कराया मुक्त, इनमें अधिकांश बिहार के

**इंदौर।** बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थानों से 31 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया गया। चाइल्ड लाइन संयोजक राहुल गोठाने ने बताया कि विभिन्न विभागों के संयुक्त दल ने मोती तबेला क्षेत्र में कार्रवाई की। बैग बनाने के कारखानों में काम कर रहे 26 नाबालिगों को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। अधिकांश बच्चे बिहार के रहने वाले थे। इसके बाद दल ने खजराना थाना क्षेत्र के होटलों में काम कर रहे पांच बच्चों को बालश्रम



से मुक्त करवाया। सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। समिति के आदेश के बाद बच्चों को एक संस्था में प्रवेश दिलाया गया है। संयुक्त दल में सहायक श्रम आयुक्त मेघना भट्ट, राष्ट्रीय बाल आयोग सदस्य पायल शर्मा, मध्य प्रदेश बाल आयोग सदस्य रवींद्र मौर्य, सलमान मंसूरी, बाल कल्याण समिति सदस्य अपर्णा दुबे, योगेश जैन, संगीता चौधरी, महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी भगवान दास साहू आदि

**प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे खर्च पर रखेंगे नजर**

# ननि चुनाव में प्रथम बार तैनात होंगे व्यय पर्यवेक्षक

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में होने जा रहे नगर निगम के चुनाव में प्रथम बार व्यय पर्यवेक्षक तैनात होंगे। पहली बार राज्य निर्वाचन आयोग पर्यवेक्षकों की तैनाती करने जा रहा है। पर्यवेक्षक साथ ही व्यय लेखों की पड़ताल भी करेंगे। पहली बार पार्षद पद के प्रत्याशियों के लिए व्यय की सीमा निर्धारित की गई है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक केवल निर्वाचन पर्यवेक्षक ही भेजे जाते थे लेकिन अब व्यय पर्यवेक्षक सभी 16 नगर निगमों में तैनात करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही अधिकारियों से कहा गया कि शिकायतों का निराकरण त्वरित किया जाएगा। वर्षा के कारण जिन मतदान केंद्रों




में मतदान प्रभावित हो सकता है, उनके परिवर्तन की अनुमति भी आयोग स्तर से अविलंब दी जाए।

### पहचान पत्र नहीं होने पर

### दस्तावेज बताने होंगे

पंचायत चुनाव में मतदान के लिए यदि मतदाता के पास निर्धारित पहचान पत्र नहीं है तो पीठासीन अधिकारी ऐसे दस्तावेज को भी स्वीकार कर सकेगा, जिससे मतदाता की पहचान स्थापित होती हो। इसके अतिरिक्त मतदाता कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाता है तो स्थानीय प्रतिष्ठित व्यक्ति, पटवारी, कोटवार, शिक्षक, ग्राम पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका द्वारा पहचान स्थापित करने पर मतदान की सुविधा पीठासीन अधिकारी दे सकेंगे। आयोग ने मतदान के लिए वोटर स्लिप, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका, राशन कार्ड , बैंक या डाकघर की पास बुक, शस्त्र लाइसेंस, संपत्ति के दस्तावेज (पट्टा, रजिस्ट्रीकृत विलेख), विकलांगता प्रमाण पत्र, निराश्रित प्रमाण-पत्र, तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान पत्र, सहकारी समिति का अंश प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, राज्य, केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी ओद्योगिक घरानों द्वारा कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र, छात्र पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी एससी, एसटी, ओबीसी, अधिवासी प्रमाण पत्र, पेंशन दस्तावेज, रेलवे पहचान-पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र और रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत जारी फोटोयुक्त जाबकार्ड को मतदाता की पहचान के लिए मान्य किया है। उपरोक्त दस्तावेजों के साथ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

### अलग से खाता बनेगा

आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि महापौर और पार्षद पद का चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक प्रत्याशी को नामांकन पत्र जमा करने से लेकर मतगणना होने तक खर्च का ब्योरा देना होगा। इसके लिए अलग से बैंक खाता संधारित किया जाएगा।

## नगरीय निकाय चुनाव में मीडिया में प्रचार-प्रसार के लिए एडवाइजरी जारी

**भोपाल।** नगरीय निर्वाचन में उम्मीदवारों के लिए व्यय सीमा निर्धारित की गई है। अगर किसी उम्मीदवार द्वारा समाचार पत्रों अथवा इलेक्ट्रोनिक चैनल या संचार के अन्य साधनों में विज्ञापन का प्रसारण कराया जाता है तो उसका खर्च उनके व्यय लेखें में शामिल किया जाएगा। इस संबंध में एडवाइजरी जारी की गई है। किसी उम्मीदवार के पक्ष में प्रकाशित या प्रसारित विज्ञापन के लिए जिला स्तरीय एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणन कराना अनिवार्य होगा। सभी मीडिया संस्थानों को विज्ञापन स्वीकार करने के पूर्व यह प्रमाण पत्र भी अवश्य देखना चाहिए। इसके बाद ही प्रचार सामग्री को प्रसारित करना चाहिये।

किसी उम्मीदवार के पक्ष में समाचार के रूप में विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाना चाहिए। इसको देखने के लिये भी 24 घण्टे कंट्रोल रूम क्रियाशील रहेगा। यदि इस प्रकार की कोई भी न्यूज़ से यह प्रतीत होता है की यह पेड न्यूज़ की श्रेणी में आएगा और संबंधित को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस भी जारी किया जाएगा। पेड न्यूज पाये जाने पर संबंधित प्रत्याशी के व्यय लेखे में इसका खर्च शामिल किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश लावनिया ने उपरोक्त कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी का गठन कर दिया है।

# भाजपा महापौर सुमन शर्मा ने किया जनसंपर्क

## जनसेवा ही मेरा मूल लक्ष्य-सुमन शर्मा

ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम चुनाव की महापौर पद की लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने आज अपने जनसंपर्क अभियान के तीसरे दिन की शुरूआत दीनदयाल नगर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की।

जैसे ही महापौर प्रत्याशी सुमन शर्मा दीनदयाल नगर पहुंची, कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी चलाकर उनका स्वागत किया। बहनों ने उनकी आरती उतारी और बुजुर्गों एवं महिलाओं ने उन्हें विजयश्री का आशीर्वाद दिया।

भाजपा जिंदाबाद, ग्वालियर का महापौर कैसा हो सुमन शर्मा जैसा हो के नारों के बीच सुमन शर्मा ने कार्यकर्ताओं और आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि जनसेवा ही मेरा मूल लक्ष्य है। आम आदमी के लिए श्रेष्ठतम सुविधायें जुटाने की मुहिम में मुझे आपके जनसमर्थन की आवश्यकता है। मुझे आपके द्वारा दिया गया समर्थन मिला तो यह आपकी बहन, बेटी और आपकी भाभी स्वर्णिम ग्वालियर बनाने के लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता से आव्हान किया कि नगरीय निकाय चुनाव में आप लोग भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएं जिससे ग्वालियर नगर निगम में भाजपा की परिषद भारी बहुमत से गठित हो सकें। आज उन्होंने फूलबाग स्थित डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, छत्री स्थित स्व. राजमाता सिंधिया एवं स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी, भाजपा पार्षद प्रत्याशी उमा भदौरिया, रेखा त्रिपाठी, डॉ कुलदीप चतुर्वेदी, अनिल कौरव, आशीष मल्होत्रा, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश तोमर, जुगल गुर्जर, जबर गुर्जर, निरपत तोमर, किरण भदौरिया, निखिल विजयवर्गीय, रामकुमार महेते, श्याम सिंह सेंगर, मोनू शर्मा, ज्योति गिरिजा, अनिल गुप्ता, भगवान सैनी, राजेंद्र उपाध्याय, मन्नू भदौरिया समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## वीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि पर की पुष्पांजलि

भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सांसद श्री जयभान सिंह पवैया एवं महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने आज फूलबाग स्थित वीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि पर सैकडों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांसद श्री विवेक शेजवलकर, जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, पूर्व मंत्री रूस्तम सिंह, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, अशोक शर्मा, प्रतीक तिवारी, बजेंद्र सिंह जादौन समेत सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे। महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा ने आज अचलेश्वर महादेव मंदिर, जीर्णमाता मंदिर, धर्मपुरी, नागदेवता मंदिर, बालाजी धाम एवं रोकडिया सरकार मंदिर पर जाकर पूर्जा अर्चन किया। उन्होंने ढोलीबुआ मठ के महाराज संतोष जी महाराज से भी भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद श्रीमती सुमन शर्मा ने आज प्रदेष सरकार के मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह के निवास पर, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह के निवास पर जाकर उनसे भेंट की और भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय चौधरी के शांतिनगर स्थित निवास पर जाकर उनकी पत्नी श्रीमती मीना चौधरी

# युवा बेरोजगारों पर अत्याचार कर रही है सरकार : डॉ. शोभा सिकरवार

## अ वार्ड 23 व 28 में किया डोर टू डोर जनसम्पर्क

ग्वालियर। देश के युवा बैरोजगारों को रोजगार देने के बजाये सरकार उन पर लाठियॉ चलवा रही है। हर वर्ष करोड़ों युवा को रोजगार देने का वायदा करने वाली भाजपा सरकार युवाओं पर दमन व अत्याचार कर रही है। मंहगाई और बैरोजगारी से आम आदमी परेशान है और सरकार उपलब्धियों का शंख बजा रही है। यह बात आज कांग्रेस की महापौर पद की उम्मीदवार श्रीमती डॉ. शोभा सिकरवार ने जगह जगह जनसम्पर्क के दौरान आमजनों के बीच कही।

कांग्रेस की महापौर उम्मीदवार डॉ. शोभा सिकरवार ने कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य होता है। उस पर जुल्म और अत्याचार किया जा रहा है। रोजगार देने के झूठे वायदे किये जाते है। महापौर पद की उम्मीदवार डॉ. शोभा सिकरवार ने वार्ड 23 में पिप्पल मेडीकल चौराहे से जनसम्पर्क की शुरूआत



की और श्रीनगर कॉलोनी, जोधा नगर, गौतम नगर, तृप्ति नगर, कबीर कॉलोनी, अरबसाहब की दरगाह, ताकिया चक्की चौराहा, टाल रोड एवं जगजीवन नगर में सघन जनसम्पर्क कर मतदाताओं से कांग्रेस को विजयश्री दिलाने का आव्हान करते हुये कहा कि शहर का चहुमुखी विकास व प्रगति हमारा मुख्य लक्ष्य है। शाम के समय वार्ड 28 में थाटीपुर पुलिस थाना से जनसम्पर्क करते हुये थाटीपुर बजरिया, मेहरा कॉलोनी, इन्द्रा नगर आदि क्षेत्र में डोर टू डोर जनसम्पर्क किया। आमजनों ने महापौर उम्मीदवार का जगह जगह स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने आमजनों को भरोसा दिलाया कि हम आपकी भावनाओं के अनुरूप विकास व प्रगति के कार्यो को गति देंगे। वही वार्ड 28 में साहू समाज ने बैठक कर डॉ. शोभा सिकरवार का समर्थन देने का संकल्प लिया।

## मलेरिया निरोधक माह / जून माह के दौरान फूलबाग गेट पर प्रदर्शनी का आयोजन कर डेंगू मलेरिया से बचाने की दी समझाईश

ग्वालियर। मादा मच्छर पानी में ही अंडे देती है और बरसात के मौसम जगह जगह पानी भरा होने के कारण मच्छरों की पैदाइश ब? जाती है जिसके चलेते मच्छरों से होने वाली बीमारियों जैसे ङ्क डेंगू, मलेरिया, चिकिनगुनिया आदि की संभावनाएं भी ब? जातीं हैं 7 इन्ही बीमारियों के नियंत्रण हेतु बरसात के मौसम से पहले जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है और इस दौरान आमजन को मच्छर , डेंगू व मलेरिया की रोकथाम, बचाव व सावधानियों के विषय में बताकर जागरूक किया जाता है।




# क्राईम ब्रांच ग्वालियर ने व्हाट्सअप ग्रुप पर अपने मोबाइल से झूठी अफवाह फैलाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

## पकड़े गये आरोपी द्वारा चुनाव नहीं होने देने संबंधी मैसेज व्हाट्सअप ग्रुप में पोस्ट कर लोगों को भड़काने का प्रयास किया जा रहा था।

## इसके द्वारा कलेक्ट्रेट पर नामांकन प्रक्रिया को रोकने संबंधी ऑडियो भी ग्रुप में प्रसारित किया गया।

ग्वालियर। विगत दिनों ग्वालियर शहर में कुछ असमाजिक तत्वों ने नवीन आर्मी भर्ती प्रक्रिया ''अग्निपथ'' के विरोध में शासकीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया था तथा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व ऑडियो वायरल किये गये। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे के निर्देश पर तथा अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* के मार्गदर्शन में ग्वालियर पुलिस की सायबर क्राईम सेल द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर सतत् निगाह रखी जा रही है। इसी दौरान पुलिस के संज्ञान में आया कि एक व्हाट्सअप ग्रुप पर चुनाव नही होने देने संबंधी कुछ मैसेज तथा ग्वालियर के नवीन कलेक्ट्रेट पर चल रही नामांकन प्रक्रिया को रोकने संबंधी एक ऑडियो मैसेज पोस्ट किया गया है। अति. पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) द्वारा क्राईम ब्रांच टीम को उक्त भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसे पकड़ने हेतु लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री रत्नेश तोमर व श्री विजय भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच ग्वालियर निरीक्षक डॉ. संतोष यादव के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच की टीम को उक्त भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने वाले व्यक्ति की तस्दीक कर पकड़ने हेतु लगाया गया। दिनांक 18.06.2022 को पुलिस को तकनीकी साक्ष्य के आधार पर ज्ञात हुआ कि जिस मोबाइल नम्बर से उक्त भड़काऊ मैसेज पोस्ट किये गये है उसका धारक ग्राम बागबई थाना भितरवार का रहने वाला है, तस्दीक के दौरान पुलिस टीम को पता चला कि उक्त व्यक्ति वर्तमान में थाना झांसीरोड क्षेत्रान्तर्गत नाका चन्द्रबदनी पर निवास कर रहा है।




## संक्षिप्त समाचार

### प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा ने किया नामांकन प्रक्रिया का अवलोकन



ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा ने शनिवार को नगरीय निकाय के लिये भरे जा रहे नामांकन प्रक्रिया का अवलोकन किया। इसके साथ ही नगर पंचायत बिलौआ में भ्रमण कर निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा की। प्रेक्षक श्री बी एम शर्मा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय ग्वालियर पहुँचकर महापौर प्रत्याशी एवं पार्षद प्रत्याशियों द्वारा भरे जा रहे नामांकन प्रक्रिया का अवलोकन किया और निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। प्रेक्षक श्री शर्मा ने नगर पंचायत बिलौआ पहुँचकर स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया और निर्वाचन के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस अवसर पर एडीएम श्री इच्छित गड़पाले, एसडीएम श्री अनिल बनवारिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रत्याशी 22 जून को दोपहर 3 बजे तक जमा कर सकेंगे फार्म-8

ग्वालियर। राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों को फार्म-8 नगरीय निकाय निर्वाचन में अभ्यर्थिता वापसी के दिवस अर्थात 22 जून 2022 को दोपहर 3 बजे तक संबंधित निकाय के रिटर्निंग ऑफीसर अथवा सहायक रिटर्निंग ऑफीसर के यहां प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनोद भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि फार्म-8 नामांकन के साथ जमा करने की अनिवार्यता नहीं है।

**पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022**

### विकासखंड स्तर पर बनने वाले अस्थाई स्ट्रांग रूम में लगेंगे सीसीटीव्ही कैमरे

ग्वालियर। पंचायत निर्वाचन में जिन विकास खंडों में मतगणना की अनुमति दी गई है, वहाँ पर मतपेटी को रखने के लिए बनाए गए अस्थाई स्ट्रांग रूम में भी सीसीटीव्ही कैमरे लगाने के निर्देश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए हैं। नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन के लिए बनाए गए स्थाई स्ट्रांग रूम में सीसीटीव्ही कैमरे लगाने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं।

### सिनेमा घर और नगरीय निकाय के वाहनों से होगा जिंगल्स का प्रसारण

ग्वालियर। मतदाताओं एवं अभ्यर्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराये गए जिंगल्स का प्रसारण नगरीय निकायों के वाहनों में लगे ध्वनि यंत्रों के माध्यम से कराने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये गए हैं। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने कहा है कि सिनेमा घरों, नगरीय निकाय के फेसबुक पेज और व्हाट्सऐप ग्रुप में भी जिंगल्स प्रसारित किये जा सकते हैं।

### अन्य राज्यों में मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों को भी करें वर्गीकृत

ग्वालियर। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन आधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन में प्रतीकों के आवंटन में अन्य राज्यों में मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों को भी वर्गीकृत किया जाये। राज्यीय दल जो अन्य राज्य में मान्यता प्राप्त है, उनकी मान्यता के आधार पर उनके निर्वाचन प्रतीक सुरक्षित रखे गए हैं। श्री सिंह ने कहा है कि सभी जिलों को निर्वाचन सामग्री के साथ राष्ट्रीय दलों एवं अन्य राज्यों में मान्यता प्राप्त दलों के चुनाव चिन्हों का चार्ट उपलब्ध कराया गया है। प्रतीक आवंटन के लिए आईईएमएस में भी तदनुसार प्रावधान किया गया है।

### भाजपा नेता और समाजसेवी स्व. पातीराम जैन की 22 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और श्रमवीर सम्मान समारोह 21 को

ग्वालियर। वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी स्व. पातीराम जैन की 22 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और श्रमवीर सम्मान समारोह 21 जून मंगलवार को सुबह 8.30 बजे भाजपा के जिला मुख्यालय मुखर्जी भवन बाडे पर आयोजित होगा। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने दी। श्री माखीजानी ने बताया कि इस अवसर पर श्रमवीर सम्मान समारोह की 22वीं क?ी में उन मेहनतकश मजदूरों, कामगारों को सम्मानित किया जाएगा जो विगत कई दशकों से मेहनत, ईमानदारी व कर्मठता के साथ अपने कर्मक्षेत्र में तनमयता से जुटे हैं। चूंकि स्व पातीराम जैन एक राजनेता एवं समाजसेवी होने के साथ ही सफल उद्यमी भी थे और अपनी सफलता का श्रेय मजदूरों, कामगारों को देते हुए समाज के इस परिश्रमी वर्ग के प्रति अत्यधिक आत्मीय लगाव रखते थे, लिहाजा विगत 22 वर्ष से स्व श्री पातीराम जैन की पुण्यतिथि पर प्रति वर्ष 21 जून को श्रमवीर सम्मान समारोह आयोजित कर इन कर्मठ मजदूरों को सम्मानित कर समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। इसके अतिरिक्त स्व. श्री पातीराम जी जैन की पुण्य स्मृति में पी?ित मानवता की सेवा, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण के भी आयोजन होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी एवं कार्यक्रम संयोजक श्री निर्मल जैन ने सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं, सुधी नागरिकों, समाजसेवियों एवं स्व श्री पातीराम जैन की संघर्ष यात्रा में सहयोगी रहे सभी बंधुओं से सादर उपस्थिति का विनम्र आग्रह किया है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व पार्षद बलवीर सिंह तोमर 500 से अधिक भाजपा नेतांओ के साथ कांग्रेस में शामिल

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा एवं विधायक डॉ. सतीष सिकरवार के नेतृत्व में आज कांग्रेस भवन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं वार्ड 19 से भाजपा के पूर्व पार्षद बलवीर सिंह तौमर, श्रीमती कमलेष तोमर, एवं छोटू तोमर के नेतृत्व में 525 भाजपा नेतांओ ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर 6 जुलाई को सम्पन्न होने वाले नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी श्रीमती शोभा सतीष सिकरवार की ऐतिहासिक जीत एवं कांग्रेस के वार्ड प्रत्याषियों की विजयश्री एवं नगर निगम परिषद में कांग्रेस को विजयश्री दिलाने का संकल्प लिया। वार्ड 19 से विषाल रैली जनसमूह के साथ कांग्रेस भवन पहुचंने पर भव्य स्वागत किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा एवं विधायक डॉ. सतीष सिकरवार ने बलवीर सिंह तौमर, श्रीमती कमलेष तोमर, छोटू तोमर सहित 1525 से भाजपा नेतांओ को कांग्रेस सदस्यता फॉर्म भरवाकर तिरंगा ध्वज प्रदान कर, तिरंगा दुपट्टा पहनाकर संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विष्वासघात करती है कांग्रेस सर्वधर्म, सद्भाव सभी वर्गो का सम्मान करती है, भाजपा का साथ छोड़कर आप सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में सम्मलित होकर ग्वालियर की आन-बान-शाान बढ़ाए जाने में अपना संकल्प व्यक्त किया है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478